हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## सालों से एक ही जगह बेच रहे शराब

नया रायपुर के राखी क्षेत्र और सेक्टर 24 से लेकर 27 तक के क्षेत्र में देसी शराब की मांग अधिक है। यहां अवैध शराब की बिक्री बीते दो सालों से एक ही जगह से हो रही है, जिसकी पुलिस और आबकारी विभाग को अभी तक जानकारी ही नहीं है, जबकि शराब कहां मिलेगी, यह हर ठेले वाले को मालूम है। पड़ताल में पता चला कि हर दिन बड़ी संख्या में कोचिए शहर से सस्ते में देसी शराब खरीदकर नया रायपुर में महंगे दाम में बेचते हैं। कार्रवाई नहीं होने से अब बेखौफ घरों और दुकानों के साथ ठेले में भी अवैध बिक्री का खेल चल रहा है।



# रायपुर के 20 किलोमीटर के दायरे में खुलेआम शराब की अवैध बिक्री, 100 का देशी पौवा 200 में बिक रहा

ललित राठोड़/लवकुश शुक्ला ▶▶| रायपुर

शराब की अवैध बिक्री को लेकर आए दिन आबकारी और पुलिस विभाग कार्रवाई कर रहा है। खासतौर पर शहर में सख्ती दिखती है। लेकिन हरिभूमि को खबर मिली कि शहर के बाहर 20 किलोमीटर के दायरे में ही कोचिए देशी शराब बेच रहे हैं। नया रायपुर से लगे गांव में घरों से लेकर दुकानों तक देसी दारू की जमकर बिक्री हो रही है। यह अवैध बिक्री का खेल मंत्रालय के आसपास के क्षेत्रों में ही काफी सक्रिय है, जहां से अधिकारी और कर्मचारी रोज ▶▶|शेष पेज 13 पर

- नया रायपुर के गांव में घर और दुकानों में कोचिए हुए सक्रिय, हर दिन 100 से अधिक देशी शराब की खपत



### केस 1
## मंत्रालय के पास-नवा रायपुर

हरिभूमि की टीम नवा रायपुर में मंत्रालय के पास स्थित एक टपरी में दोपहर 2.15 बजे अवैध शराब बिक्री की टोह लेने के पहुंची। वहां पहले से ही दो ग्राहक मौजूद थे। उनसे जब टीम ने शराब की मांग की, तो उन्होंने प्रति मशाला पौवा दो सौ रुपए में देने की बात कही। बीयर मांगने पर बताया गया कि इसके लिए प्रति बीयर का 600 रुपए देना होगा। कितने बजे रात तक शराब मिल जाएगी, पूछने पर टपरी में अवैध शराब बेचने वाले व्यक्ति ने रात 12 बजे तक देने की बात कहीं।

### केस 2
## राखी गांव मुख्य मार्ग

राखी गांव में मुख्य मार्ग के पास स्थित सेलून व हार्ड वेयर दुकान के बीच स्थित एक मकान में अवैध शराब मिलने की पुष्टि क्षेत्र में टपरी चलाने वाले लोगों ने की। टीम बताए गए मकान में करीब तीन बजे पहुंची। मकान का दरबाजा बंद होने पर आवाज दी गई। तब एक युवक दरवाजा खोलकर बाहर आया। उससे जब शराब को लेकर बात की गई, तो बताया कि अभी माल खत्म हो गया है। शाम को आने पर मशाला पौवा 200 रुपए व 600 रुपए में बियर दे दूंगा, अभी माल नहीं है।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** रेप के मामले में गंज पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मनेंद्रगढ़ चिरमिरी निवासी संतोष कुमार राम मूलतः रामनगर जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश निवासी से मेट्रोमोनी एप के माध्यम से परिचय हुआ था। बातचीत के दौरान आरोपी ने बताया था कि उसकी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है और उसके दो बच्चे हैं। इसके बाद उसने अपना बायोडाटा संतोष को भेजा। इसके बाद वह शादी करने की बात कहकर एक दिन मिलने के लिए ट्रेन से रायपुर पहुंचा। यहां रेलवे स्टेशन इलाके में एक होटल में वह ठहरा था। उसने पीड़िता को होटल में ही मिलने बुलाया, जहां उसके साथ रेप करने के बाद शादी करने से इंकार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

### गांजा मामले में फरार आरोपी धरा गया

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुसीर खान अनूपपुर मध्यप्रदेश का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को अनूपपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में आरोपी के तीन साथियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उनके कब्जे से पुलिस ने 80 किलो गांजा बरामद किया था, जिसे वे डस्टर कार से परिवहन कर ले जा रहे थे।



### अफीम का अंतर्राज्यीय सप्लायर पकड़ा गया



**रायपुर।** सायबर यूनिट एवं सिविल लाइंस पुलिस ने अफीम के अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शेखर कुमार सिंह ग्राम पाकी जिला पलामू झारखंड का रहने वाला है। पुलिस ने उसे 30 अगस्त को पंडरी एक्सप्रेस-वे के नीचे कुलजिंदर सिंह को 2.106 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में जांच करते हुए पुलिस ने अब इसके सप्लायर शेखर को ट्रांसपोर्ट नगर खमतराई से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ट्रक के माध्यम से अफीम की सप्लाई करता है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रक एवं एक मोबाइल जब्त किया है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 18(बी), 29 नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### श्रद्धापूर्वक विसर्जन के लिए पर्याप्त पानी रखने दिए निर्देश

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए 7 क्रेन, तीन पाली में 30-30 गोताखोर कुंड के पास रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में 17 से 23 सितंबर तक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन महादेवघाट के पास विसर्जन कुंड में किया जायेगा। इस बीच पिछले दो दिनों में घरों व संस्थानों में स्थापित 70 छोटी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में सम्मान पूर्वक किया गया। निगम प्रशासन ने स्थल पर छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 7 क्रेन का इंतजाम किया है। वहीं 3 पाली में छोटी-बड़ी गणेश मूर्तियों का विसर्जन कराने 90 गोताखोर तैनात रहेंगे। यानी एक पाली में 30 गोताखोर की व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं और गणेश उत्सव समितियों को विसर्जन के दौरान किसी तरह की दिक्कत ना हो।

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन संबंधी तैयारियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने महापौर एजाज ढेबर शनिवार को महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड स्थल पहुंचे। वहां उन्होंने जोन 8 कमिश्नर एके हालदार से गणेश विसर्जन के लिए की जा रही प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी ली। जोन कमिश्नर ने महापौर को बताया कि विसर्जन कुंड की साफ-सफाई, लाइटिंग की व्यवस्था पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही तीन पाली में गोताखोरों की डयूटी लगाई गई है, जो 24 घंटे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विसर्जन स्थल पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन कराने में सहयोग करेंगे। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 7 क्रेन लगाये जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दो दिन में 70 छोटी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू







गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन संबंधी तैयारियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने महापौर एजाज ढेबर शनिवार को महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड स्थल पहुंचे।



# सीजी पीएससी के अफसर को मनी लांड्रिंग का भय दिखाकर 30 हजार की ठगी

- महिला अधिकारी ने राखी थाना में अज्ञात के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई
- महिला अफसर को फर्जी एफआईआर की कॉपी भेज ठगी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी थाना में सीजी पीएससी की एक महिला अधिकारी ने अज्ञात के खिलाफ उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने का भय दिखाकर 30 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सीजी पीएसएसी में अनुभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ जयश्री निर्वाण ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला अफसर ने पुलिस को बताया है कि उनके पास शुक्रवार दोपहर अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर टेलिकॉम रेग्यूलरिटी ऑफ इंडिया के दिल्ली ऑफिस का बताया। कॉल करने वाले ने महिला अफसर को उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने का झांसा देकर फर्जी अफसर के वाट्सएप नंबर पर फर्जी एफआईआर की कॉपी भेज बैंक अकाउंट चेक करने का झांसा दिया।

### झांसा देकर 30 हजार ट्रांसफर कराया

महिला अफसर ने पुलिस को बताया है कि जालसाज ने उन्हें उनके अकाउंट जांच करने का झांसा देकर अकाउंट के चार डिजिट बताने के लिए कहा। महिला अफसर के अनुसार तब उनके अकाउंट में 30 हजार रुपए थे। जालसाज ने महिला अफसर को जांच के बाद आधे घंटा के भीतर रकम लौटाने का झांसा देकर वह रकम किसी अन्य अकाउंट में ट्रांसफर कराया। आधे घंटे के बाद महिला अफसर के अकाउंट में पैसा वापस नहीं आया, तब उसे अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

## गणेश पंडालों में उमड़े श्रद्धालु, चौक-चौराहों पर लंबा जाम...



**रायपुर।** गणेश स्थापना के आठवें दिन राजधानी के गणेश पंडालों में गणेश देखने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अव्यवस्थित पंडालों की वजह से राजधानी की ज्यादातर सड़कों पर शनिवार को रात 9 बजे के बाद जाम की स्थिति रही। जाम लगने की वजह गणेश समितियों द्वारा पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था नहीं करना बताया जा रहा है। शहर में वीआईपी रोड से लेकर रायपुरा, लाखेनगर चौक, आजाद चौक, तात्यापारा चौक, पुरानी बस्ती, गोलबाजार, राठौर चौक, रामसागर पारा, स्टेशन रोड गुढ़ियारी से रामनगर जाने वाले मार्ग पर जाम की स्थिति रही। लोग घंटों सड़क पर फंसे रहे। स्थिति ऐसी रही कि इन मार्गों पर पैदल तक चलना मुश्किल हो रहा था।




# मेडिकल कालेजों में शुरू होगी गुरु-शिष्य परंपरा, एक शिक्षक के जिम्मे तीन छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई गुरु-शिष्य की परंपरा के बीच पूरी करने की अनूठी पहल की है। इस व्यवस्था के तहत एक चिकित्सा शिक्षक गुरु बनकर तीन छात्रों की जिम्मेदारी उठाएंगे और पढ़ाई पूरी होने तक उनकी हर समस्या का समाधान करेंगे। चिकित्सा छात्र भी गुरु द्वारा बताए गए पांच परिवार के रहन-सहन और स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे।

कंपटेंसी बेस्ड मेडिकल एजूकेशन के तहत एनएमसी ने चिकित्सा महाविद्यालयों में यह व्यवस्था लागू ▶▶|शेष पेज 13 पर



- एनएमसी की अनूठी पहल, विद्यार्थियों को भी करना होगा भाईचारा का पालन
- चिकित्सा छात्र उठाएंगे पांच परिवार की जिम्मेदारी, रहन-सहन का रखेंगे ख्याल

### चिकित्सा शिक्षा में नए आयाम दिखेंगे: डॉ. भार्गव



नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन सचिव के डॉ. पीयूष भार्गव ने एनएमसी के इन सुझाव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से चिकित्सा शिक्षा में नए आयाम देखने को मिलेंगे। इससे चिकित्सा विद्यार्थियों के बीच एक पारिवारिक वातावरण विकसित होगा। वे भाईचारे की भावनाओं से और एक पालक-पाल्य परंपरा विकसित होने पर छात्र छात्राएं अत्यधिक अपनत्व की भावनाओं से विद्या अध्ययन कर पाएंगे।

### फिल्टर बेड की 2 बार सफाई, अक्टूबर तक रहेगी यही स्थिति

# खारुन का पानी एनीकट से ओवरफ्लो, अशुद्धियों की मात्रा ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में दो दिन पहले हुई तेज बारिश के बाद खारुन नदी का पानी भाठागांव स्थित एनीकट से ओवरफ्लो होकर बह रहा है। प्राकृतिक बहाव वाले इस रॉ वाटर में अशुद्धियों की मात्रा बहुत ज्यादा है, इसलिए इसके फिल्टरेशन के समय दिन में 2 बार फिल्टर बेड की सफाई की जरूरत पड़ रही है, क्योंक फिल्टर बेड में मिट्टी जमा होने से पानी में मटमैलापन बढ़ गया है। ऐसे में इसे साफ करने में सामान्य दिनों की अपेक्षा तीन गुना ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बरसात में मटमैलापन बहुत ज्यादा, सावधानी की जरूरत

#### 15 से 20 गुना रोज खप रहा एलम

प्राकृतिक बहाव से एनीकट में भरपूर मात्रा में आ रहे कच्चा पानी को शुद्ध करने के दौरान सामान्य दिनों की अपेक्ष 15 से 20 गुना ज्यादा एलम की खपत प्रतिदिन इस समय हो रही है, क्योंकि पानी की टरबिलिटी इस समय बढ़ी हुई है। पानी में छोटे-छोटे जलीय जीव भी बारिश के साथ आ रहे हैं। ये इतने सूक्ष्म रहते हैं कि आंखों से दिखाई नहीं देते।



#### फिल्टर प्लांट में 44 फिल्टर बेड दिन में 2 बार सफाई

नगर निगम के भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण के दौरान रॉ वाटर 44 फिल्टर बेड के माध्यम से शुद्ध करने के बाद शहर की नई व पुरानी 43 पानी टंकियों के माध्यम से शहर के 15 लाख लोगों के घरों में नलों के जरिये पहुंचता है। जल विभाग के अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि फिल्टर प्लांट में स्थापित 150 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट में 16 फिल्टर बेड, पुराना 80 एमएलडी प्लांट में 8, नया 80 एमएलडी के प्लांट में 10 और पुराना प्लांट में 10 फिल्टर बेड स्थापित है। इस तरह कुल 44 फिल्टर बेड से पानी का मटमैलापन दूर करने की प्रक्रिया निरंतर चलती है। इस दौरान भारी मात्रा में मिट्टी सहित जलीय अशुद्धि ▶▶|शेष पेज 13 पर

### चाकू लेकर घूमते धरे गए बदमाश, 3 गिरफ्तार



**रायपुर।** आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस ने 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें निखिल कुमार पात्रे निवासी रविंद्र मंच के पीछे नेहरू नगर को बूढ़ातालाब के पास चाकू लेकर घूमते पकड़ा। वहीं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी सनी यादव निवासी चंडीनगर तथा जय वर्मा निवासी राजनगर श्मशानघाट के सामने खम्हारडीह को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### साय सरकार का वित्तीय प्रबंधन फेल, रिजर्व बैंक कर रही बांड की नीलामी



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ की साय सरकार की अर्थव्यवस्था नहीं संभल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रिजर्व बैंक को एक बार फिर 1000 करोड़ के प्रतिभूति को बेचने का प्रस्ताव दिया है। रिजर्व बैंक ने इस संबंध में नीलामी के लिये सार्वजनिक सूचना भी प्रकाशित करवाई है तथा छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिभूतियो की नीलामी 17 सितंबर को होना तय हुआ है। साय सरकार ने 9 माह में कर्ज लेने का नया रिकार्ड बनाया है। एक वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ ने कर्ज लेने का नया रिकार्ड बनाया है। राज्य ने एक वित्तीय वर्ष में 32000 करोड़ का कर्ज लिया है। उन्होंने कहा, सभी कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने के बाद भी सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है। सरकार ने रिजर्व बैंक से 9 माह में हर महीने औसतन 3500 करोड़ कर्ज लिया है।

### मूणत ने रामकुंड में दिलवाई सामूहिक स्वच्छता की शपथ



**रायपुर।** पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही वार्ड पार्षद दीपक जायसवाल सहित वार्डवासियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलवाई। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के जोन 7 के अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में रामकुंड रावणपट्टी सहित आधा दर्जन स्थानों पर 50 लाख रुपये की लागत से नये विकास कार्यो का श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया। इसमें आमातालाब उद्यान में ओपन जिम निर्माण कार्य, आमातालाब हमर क्लीनिक के पास चबूतरा निर्माण कार्य, रामकुण्ड सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, सहित रामकुंड बस्ती क्षेत्र के रहवासी और गणमान्य उपस्थित रहे।

### खाद्य तेल पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर दिया महंगाई का एक और झटका



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, मोदी सरकार ने खाद्य तेलों पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है। देश में कर संग्रहण, सरकार के अनुमान और तय लक्ष्य से अधिक होने के बावजूद अचानक खाद्य तेलों में 20 प्रतिशत तक की भारी भरकम कस्टम ड्यूटी बढ़ाना जनता के साथ भाजपा सरकार का अन्याय है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और केंद सरकार की बेरहमी से टैक्स वसूली की भूख के कारण महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है। आलू, प्याज, लहसुन, अनाज, दलहन, रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं और अब खाद्य तेल में 20-20 प्रतिशत की वृद्धि आम जनता पर अत्याचार है।

# निगम, मंडल, आयोग में नियुक्तियों पर सीएम के साथ नितिन नवीन का मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने शनिवार की रात को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ निगम, मंडल आयोग में नियुक्तियों को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय भी उपस्थित थे। अब दिल्ली में राष्ट्रीय संगठन की अनुमति के बाद पहली सूची जल्द जारी होने की संभावना है। इस पहली सूची में एक दर्जन के आस-पास नाम होने की संभावना है।

**दिल्ली में अंतिम फैसले के बाद होगी सूची जारी**




प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों और आयोगों में नियुक्तियों को लेकर कवायद चल रही है। नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले पहली सूची जारी करने की तैयारी है। इस सूची में करीब एक दर्जन नाम होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली के दौरों में राष्ट्रीय नेताओं के साथ पहली सूची पर सहमति बन चुकी है। सभी को सूची का इंतजार है। सूची के इस माह जारी होने की संभावना थी, लेकिन प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का रायपुर दौरा टल गया था, ऐसे में सूची भी अटक गई। शनिवार को जब श्री नवीन का दौरा हुआ तो उनकी रात को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री और प्रदेश संगठन के नेताओं के साथ निगम, मंडल और आयोग में नियुक्तियों को लेकर चर्चा हुई। इसमें दावेदारों के नामों पर मंथन किया गया। नगरीय निकाय चुनाव से पहले संवैधानिक पदों के साथ ही कुछ प्रमुख निगम, मडंलों में भी नियुक्ति की जाएगी। निगम, मंडल, आयोग में नियुक्तियों को लेकर यहां पहुंचने पर श्री नवीन ने कहा, पहले भी इसको लेकर चर्चा की गई थी, अब फिर चर्चा होगी और सभी बातें क्लियर होने के बाद दिल्ली में अंतिम फैसला होगा।

### खाद्य संचालनालय के अफसर मैदानी अमले को टारगेट कर रहे

## राशन बचत घोटाला, पोर्टल से घोषणापत्र गायब

### अब पूछा जा रहा राशन दुकानों से वसूली न होने का जिम्मेदार कौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछली सरकार के दौरान खाद्य घोटाले में गठित विधानसभा समिति तकनीकी त्रुटि और बाजार से खरीद कर रखवाए गए चावल के मामले में अब तक 55 बिंदुओ में जानकारी मांग चुकी है। खाद्य संचालनालय के अफसर खुद को बचाने और मैदानी अमले को जिम्मेदार बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पार्टल से घोषणा पत्र गायब करने के बाद राशन दुकानों से वसूली न होने को लेकर खाद्य अफसरों टारगेट किया जा रहा है। खाद्य विभाग के संघ ने इसके विरोध में सामूहिक अवकाश, धरना की रूपरेखा बनाकर शासन को 1 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश पर रहने की सूचना दी है।

खाद्य संचालनालय के द्वारा सभी जिला खाद्य अधिकारियों से पहले 29 बिंदु के बाद अब इसमें 16 बिंदुओं जोड़कर में जानकारी मांगी है। मांगी गई जानकारी में अगस्त 2022 से दिसंबर 2022 तक राशन दुकानों को जारी सौ फीसदी आबंटन और बचत होने की स्थिति में उठाए गए कदम की जानकारी मांगी। इसे बचत स्टॉक को घटा कर देने कहा गया है। पूरे प्रदेश में खाद्य का आबंटन खाद्य संचालनालय जारी करता है। खाद्य अमले ने हर महीने घोषणा पत्र और जानकारी दिया, उसकी कटौती नही की गई। अब जांच समिति जानकारी मांग रही है, तो मैदानी अमले से संचालनालय तीन साल पुरानी जानकारी मांगी जा रही है। खाद्य निरीक्षकों ने घोषणा पत्र में जानकारी दिया है उसे पोर्टल से गायब कर दिया गया है।



#### यह जानकारी मांगी गई

खाद्य संचालनालय ने सितंबर 2022 में कराए गए भौतिक सत्यापन, तकनीकी त्रुटि का प्रकार, राशन के चावल में घोटाला करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही सहित माह जनवरी 2022 और 2023 की स्थिति में प्रदेश के तेरह हजार राशन दुकानों में बचत चावल की मात्रा की जानकारी मांगी गई है। साथ ही घोटाला करने वाले राशन दुकानों से वसूली न होने पर जिम्मेदार खाद्य निरीक्षकों के नाम मांगे गए है। इसे लेकर विभाग के निरीक्षक आक्रोशित है। उनका कहना है कि राशि की वसूली राजस्व वसूली के माध्यम से किए जाने का नियम है।राजस्व वसूली अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदार करते है। ये अधिकारी उच्च पद पर कार्यरत अधिकारी है उनको दोषी कैसे बताया जा सकता है।

#### इन मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

खाद्य अधिकारी संघ के अध्यक्ष एनएस राठौर ने बताया कि खाद्य संचालनालय को अपनी मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश में जाने की सूचना दे दी है। संघ ने राज्य में खाद्य आबंटन में अनियमितता, स्वैप मशीन के खराबी, वेतन विसंगति, लिपिकों को खाद्य निरीक्षक पद पर पदोन्नति करने, सहित आबंटित चांवल, वितरण और बचत के सत्यापन न किए जाने पर दोषी अधिकारियों को बताए जाने का विरोध किया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि आबंटन देना, कटौती करना संचालनालय का दायित्व है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 में इसका उल्लेख है।

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव पर मंथन, सदस्यता अभियान की आज समीक्षा भी करेंगे नवीन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन शनिवार की दोपहर को रायपुर पहुंचे। यहां आने के बाद दो अलग-अलग कार्यक्रमों में सैकड़ों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। अब वे रविवार को रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर विधानसभा की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद सदस्यता अभियान को लेकर दो बैठकें होंगी। श्री नवीन ने यहां आने के बाद सबसे पहले रायपुर ग्रामीण में सिलतरा स्थित सार्थक इस्पात में सेकड़ों कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत नवीन सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश के सदस्य अभियान के प्रभारी अनुराग सिंह देव, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल, भूपेंद्र सवन्न, जिला रायपुर के अध्यक्ष जयंती पटेल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के बाद शाम को सर्किट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ श्री नवीन ने आर्थिक प्रकोष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के सदस्यता अभियान में व्यापारियों, उद्योगपतियों को सदस्यता दिलाई।

#### निगम, मंडल पर दिल्ली में होगा फैसला

श्री नवीन ने रायपुर पहुंचने पर प्रदेश में निगम, मंडल और आयोग में नियुक्तियों को लेकर कहा, यह प्रक्रियात्मक चीज है। पिछली बार भी समीक्षा की गई थी। मुझे उम्मीद है सभी चीज जल्द क्लियर हो जाएगी। सब की समीक्षा करने के बाद फिर दिल्ली में निर्णय होगा। सदस्यता अभियान को लेकर उन्होंने कहा, भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर देश भर में उत्साह है। हर कोई आज भाजपा का सदस्य बनना चाहता है। भाजपा विचारों और सिद्धांत वाली पार्टी है। छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान काफी अच्छा चल रहा है।

#### भाजपा की तैयारी प्रारंभ थोक में हैं दावेदार

रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद अब रायपुर दक्षिण के चुनाव को लेकर भाजपा ने भी तैयारी प्रारंभ कर दी है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन अब रविवार को बैठक लेने वाले हैं। इसके पहले भाजपा के चुनाव प्रभारी प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा बैठक ले चुके हैं। विधानसभा के चारों मंडलों की बैठक करके कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ उपचुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने कहा गया है। प्रदेश संगठन में दावेदारों के नामों पर जल्द रायशुमारी होगी। जहां भाजपा में थोक में दावेदार हैं। प्रदेश प्रभारी रणनीति तय करेंगे, उसके हिसाब से काम होगा। छत्तीसगढ़ बनने के बाद से ही रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल का एकछत्र राज रहा है। उनके रहते यहां से किसी और को कभी भाजपा से टिकट मिला ही नहीं। पहली बार उनके सांसद बनने के कारण अब इस सीट से थोक में दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। माना तो यह भी जा रहा है कि इस सीट से किसी को टिकट देने से पहले पार्टी बृजमोहन अग्रवाल से भी उनकी मंशा पूछ सकती है। संभावना यह भी है कि यहां का प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की पसंद का हो सकता है।

## व्यापारी भी विकसित भारत और छग की परिकल्पना को साकार करने में साथ दें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने भाजपा सदस्यता अभियान को संगठन का आधार बताते हुए आह्वान किया, इस कार्य में सहयोग करते हुए लघु एवं मध्यम उद्योग, व्यापारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में साथ दें।

श्री नवीन ने सर्किट हाउस में व्यापारियों और उद्योगपतियों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बना है और अब भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में हम सब मिलकर भाजपा और देश को मजबूत करें। श्री नवीन ने कहा, भाजपा के सदस्यता अभियान के पूरी ऊर्जा और मुस्तैदी से सफल बनाकर हमें छत्तीसगढ़ में निर्धारित लक्ष्य से पार जाकर रिकॉर्ड संख्या में सदस्य बनाना है।

#### कांग्रेस पर तीखा हमला

श्री नवीन ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के शासनकाल की चर्चा करते हुए कहा, उन दिनों पूरे प्रदेश में घपलों-घोटालों का सिलसिला चल पड़ा था। चहुंओर अराजकता व्याप्त थी। ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा ने जितने आंदोलन किए, उन आंदोलनों व संघर्षों की बदौलत भाजपा के प्रति जनता के सहज विश्वास जनता का विश्वास और दृढ़तर हुआ और यही वजह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में आपके आशीर्वाद से भाजपा की सरकार यहां पर बन पाई। हम लोगों ने 2023 में जो घोषणाएं की, उन्हें हमने पूरा करके जनविश्वास अर्जित किया है जबकि कांग्रेस की सरकार ने तो वादाखिलाफी करके 5 साल तक छत्तीसगढ़ को छलने का काम किया।

#### भाजपा के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा व्यापार, व्यावसायिक और आर्थिक प्रकोष्ठ के इस संयुक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज पूरे देश का ही दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। भाजपा के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि है। सबको साथ लेकर काम करना है। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, नवीन मार्कंडेय, जिलाध्यक्ष रायपुर शहर जयंती पटेल, श्रीचंद सुंदरानी लाभचंद बाफना, राजेश अग्रवाल, सहित व्यापार प्रकोष्ठ और आर्थिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।







## एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी अनशन पर, दो की हालत बिगड़ी, प्रशासन ने पहुंचाया अस्पताल



**रायपुर।** परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर आमरण अनशन तथा भूख हड़ताल कर रहे एसआई भर्ती परीक्षा के दो अभ्यर्थियों की शनिवार को हालत बिगड़ गई। जिन अभ्यर्थियों की तबीयत खराब हुई है। प्रशासन की टीम उन्हें उपचार के लिए अभनपुर अस्पताल ले जाने के लिए पहुंची, लेकिन अभ्यर्थियों ने अस्पताल जाने से इंकार कर दिया। उसके बाद एक अभ्यर्थी को जबरिया उठाकर अस्पताल ले जाया गया। इसी तरह से नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अनियमित कर्मचारी संघ के एक सदस्य को शनिवार को सांप ने डस लिया। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में एसआई भर्ती परीक्षा के अब तक परिणाम जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी राजधानी में पिछले एक महीने से आंदोलन कर रहे हैं।

#### तबीयत बिगड़ने के बहाने प्रशासन की सख्ती

एसआई अभ्यर्थियों का आंदोलन खत्म कराने प्रशासन को आखिरकार सख्ती बरतनी पड़ी। प्रशासनिक टीम ने शनिवार को अनशन कर रहे अभ्यर्थियों के तबीयत बिगड़ने को बहाना बनाते हुए अनशन पर रहे दो अभ्यर्थियों को मेडिकल टीम के जरिए जबरदस्ती धरनास्थल से उठाकर अस्पताल पहुंचा दिया।

## खबर संक्षेप



### त्रिपुर तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रायपुर। श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित तीर्थयात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों से शनिवार को रायपुर रेलवे स्टेशन में युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल भेंटकर उन्हे मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी श्रद्धालु जगन्नाथपुरी से गंगासागर और कामाख्या धाम की धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे। सभी यात्रियों की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना कर ट्रेन को प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू और राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों की आस्था और उत्साह देखकर मन अभिभूत हो गया। हमारी कामना है कि ये पवित्र यात्रा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश लेकर आए और मां त्रिपुरसुंदरी सभी का मार्ग प्रशस्त करें।

## निधन

### भगत सिंह चावला

रायपुर। सांईनगर निवासी अधिवक्ता



सरदार भगत सिंह चावला का 14 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 सितंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सरदार हरिंदर सिंह चावला के पिता और कुलदीप सिंह चावला एवं हरभजन सिंह चावला के भाई थे।

### किशोर सोनी

रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर निवासी



किशोर सोनी (62) का 14 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 सितंबर को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कोकिल बेन सोनी के पति और जगदीश सोनी के पिता थे।

# खुलवा दी छोटी दुकानें, चावल की डिलीवरी में छूटा पसीना, हितग्राही भी सड़क पर लगा रहे लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड धारकों को आसानी से खाद्यान्न मिल सके, इसके लिए 98 नई राशन दुकानें खोली गई हैं, लेकिन इन दुकानों पर अब निलंबन का खतरा मंडराने लगा है। कांग्रेस शासन के अंतिम वर्ष के कार्यकाल में इन दुकानों का आबंटन किया गया था। इस दौरान इन दुकानों को नियमों को ताक पर रखते हुए खोल दिया गया है। न ही दुकानों की साइज को देखा गया था और न ही हितग्राहियों को इन दुकानों में मिलने वाली सुविधाओं को परखा गया था। स्थिति यह है कि इन दुकानों में चावल की सप्लाई करने में जहां नागरिक आपूर्ति निगम विभाग का पसीना छूटने लगा है, वहीं दूसरी ओर हितग्राहियों को भी छोटी दुकान होने से गर्मी, धूप और बारिश में सड़क किनारे लाइन लगाकर राशन लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## 98 नई दुकानों पर निलंबन का मंडराने लगा खतरा

**केस 1**

महावीरनगर और अमलीडीह में 8 बायी 10 कमरे में नई राशन दुकान संचालित है। इन दोनों में चावल का स्टॉक खत्म होने के कारण हितग्राहियों को दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इन दुकानों में पहुंचने वाली हितग्राही खुले आसमान के नीचे लाइन लगाते हैं।

**केस 2**

संतोषीनगर ओवरब्रिज के सर्विस रोड से लगी राशन दुकान भी एक छोटे से कमरे में संचालित है। इसके कारण यहां भी हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



**केस 3**

श्यामनगर-तेलीबांधा में भी एक छोटे कमरे में राशन दुकान संचालित है। यहां भी हितग्राहियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**केस 4**

रायपुरा-चंगोराभाठा में भी नई राशन दुकान एक छोटे कमरे में संचालित है, जिसके कारण हितग्राही परेशान होते रहते हैं।

**भंडारण क्षमता की होगी जांच, निलंबित होंगी छोटी दुकानें** : विभागीय सूत्रों के अनुसार हाल ही में नवा रायपुर खाद्य विभाग में एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में जिला के खाद्य अधिकारियों से लेकर नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआई के अधिकारी भी शामिल हुए थे। इस बैठक में शहर में खुली नई राशन दुकानों के साथ पुरानी दुकानों में चावल भंडारण की कुल क्षमता की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस जांच में कम क्षमता वाली दुकानों को चिन्हांकित कर निलंबन किया जा सकता है।

**भंडारण क्षमता की जांच कराने मिले निर्देश**

राशन दुकान में खपत के अनुसार चावल उपलब्ध रहे। हितग्राही को परेशानी न हो। इसे देखते हुए राशन दुकानों में चावल भंडारण की क्षमता की जांच के निर्देश मिले है। इसके तहत प्रत्येक राशन दुकान में चावल रखने की क्षमता की जांच की जाएगी। - *भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### आबंटन का 25 प्रतिशत चावल रखने की भी जगह नहीं

जुलाई 2023 में शहर में खुली 98 नई राशन दुकानों को खुलने के बाद यह संभावना जताई जा रही थी, इससे राशन कार्ड धारकों को चावल लेने के लिए ज्यादा दूर जाना नहीं होगा और न ही बार-बार दुकानों के चक्कर तथा घंटों लाइन में लगना नहीं पड़ेगा। विभाग ने हितग्राहियों को यह सुविधा देने के इरादे से नई दुकानें आबंटन तो कर दी हैं, लेकिन 90 प्रतिशत दुकानें 8 बायी 10 के कमरों में खुल गई हैं। इसके कारण पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या के तुलना में आबंटन का 25-30 प्रतिशत चावल रखने की जगह भी इन दुकानों में नहीं है।

### नई दुकानों में जगह कम इसलिए लग रहे ज्यादा फेरे

छोटी दुकानों की डिमांड के अनुसार राशन दुकानों में नान द्वारा चावल की सप्लाई की जाती है। इसके लिए नॉन से अनुबंध करने वाली ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों को एक महीने में 6 से 8 बार फेरे लगाने पड़ रहे हैं, जबकि पुरानी दुकानों में भंडारण के लिए जगह ज्यादा होने के कारण 3 से 4 बार ही फेरे लगाए जाते हैं। इस कारण ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी भी अब छोटी दुकानों में चावल की सप्लाई में आनाकानी करने लगी है।

# बरसाती नाले में पड़े मिले कारतूस किसके अब तक पता नहीं कर पाई तेलीबांधा पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के एक होटल के पास छोकरा नाला के पास मिले कारतूस की गुत्थी को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। कारतूस को जांच के लिए शनिवार को फोरेंसिक लैब भेजा गया है। इसके साथ ही बैच नंबर के आधार पर कारतूस को लेकर पुलिस ने जानकारी जुटाने की बात कही है।

■ बैच नंबर की जांच के बाद पुलिस मामले की तह तक पहुंचने की बात कह रही

गौरतलब है कि शुक्रवार देर शाम छोकरा नाला में मछली पकड़ते वक्त बच्चों की जाली में एक बिनडोरी (पाउच) फंसा, जिसे सुरक्षाबल के जवान कारतूस रखने के लिए अपने साथ रखते हैं। पाउच के अंदर एक खाली कारतूस सहित इंसास, एसएलआर, थ्री नॉट थ्री तथा एक आवाजी जिंदा कारतूस मिला। पाउच में एक खाली खोखा भी था। कारतूस मिलने की घटना को गंभीरता से लेते हुए अफसरों ने जांच के निर्देश दिए। कारतूस कहां से और कैसे नाला में बहकर यहां तक पहुंचे, पुलिस इस बात की जांच करने की बात कह रही है। वर्तमान में कारतूस को लेकर पुलिस के पास अब तक किसी भी प्रकार से कोई तथ्य नहीं है।

### फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक कारतूस कब का है, उसकी वर्तमान स्थिति क्या है, इस बात की जानकारी जुटाने कारतूस को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। लैब रिपोर्ट आने के बाद अफसर कारतूस को लेकर कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं।

### बैच नंबर बताएगा कारतूस कहां के

पुलिस अफसर के अनुसार कारतूस के बैच नंबर के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है कि कारतूस किस फैक्ट्री से निर्मित हैं, बैच नंबर के आधार पर कारतूस कहां के लिए इश्यू किया गया था। पुलिस इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।





तेलीबांधा थाना क्षेत्र का मामला
भारी मात्रा में एसएलआर, एके-47 जैसे घातक हथियार के बुलेट बरामद

### पुलिस इस बात को लेकर उलझी

पुलिस ने लावारिश हालत में बहकर आए जो कारतूस जब्त किए हैं, उनमें थ्री नॉट थ्री के 41, एसएलआर के 24, एके-47 के 13, इंसास के पांच, एक आवाजी तथा दो खाली खोखा जब्त किया है। गौरतलब है कि सुरक्षा बल के जवान जिस प्रकृति का हथियार चलाते हैं, उन्हें उसी प्रकृति के हथियार के कारतूस आबंटित किए जाते हैं। पुलिस ने जो कारतूस जब्त किए हैं, वह विभिन्न प्रकार के हथियारों के कारतूस हैं। इस बात को लेकर पुलिस उलझी हुई है कि आखिर जो पाउच में लावारिश हालत में कारतूस मिले हैं, वह किसके हो सकते हैं।

### चोरी की आशंका

पुलिस को इस बात की भी आशंका है कि जब्त कारतूस चोरी के हो सकते हैं। किसी जवान ने कारतूस की चोरी की होगी। बाद में जांच के दौरान पकड़े जाने के भय से बरसाती नाला में फेंक दिया होगा। कारतूस किस एरिया के जवान का है, यह अब तक स्पष्ट नहीं है, जिसकी पुलिस ने जांच करने की बात कही है।

### आपसी विवाद को लेकर भी जांच

पुलिस के अनुसार कई बार बटालियन में आपसी विवाद के कारण जवान अपने साथी को फंसाने के लिए कारतूस सहित अन्य सामान चोरी कर लेते हैं। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है। पुलिस को इस बात की भी आशंका है कि किसी जवान ने अपने साथी को फंसाने के लिए कारतूस से भरा पाउच चोरी कर लिया होगा। बाद में पकड़े जाने के डर से कारतूस से भरा पाउच नाला में फेंक दिया होगा।

# साथियों को गांजा देने पहुंचे तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 में पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर ओडिशा के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 50 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा तथा कार की कीमत 16 लाख रुपए आंकी गई है।

■ देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 50 किलो गांजा जब्त किया

पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी के आरोप में ओडिशा, बलांगीर निवासी शंकर छतरिया, कुबेर महानंद तथा एन. सुभाष को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार तस्करों के ओडिशा से गांजा लेकर निकलने के बाद उन्हें मुखबिर के माध्यम से गांजा तस्करों के बारे में जानकारी मिल गई थी। इसके बाद कार नंबर के आधार पर गांजा तस्करों की पहचान कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस से बचने तस्कर कार के नीचे चेंबर बनाकर गांजा छिपाकर ला रहे थे।



### जिनको गांजा देना था वे ओडिशा के रहवासी

पुलिस के अनुसार तस्कर जिनको रायपुर में गांजा देने के लिए आए थे, वो भी ओडिशा बलांगीर के रहवासी हैं। गांजा हासिल करने वाले यहां पिछले दो वर्षों से रहकर अलग-अलग क्षेत्र में कोचिया बनाकर गांजा बेचने का काम कर रहे थे। जिनको गांजा लेना था, पुलिस उनकी भी पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

### एक अन्य मामले में साढ़े छह किलो गांजा जब्त

एक अन्य मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से साढ़े छह किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक मध्यप्रदेश, चित्रकूट निवासी समीर खान के कब्जे से गांजा जब्ती की गई है। समीर ने पुलिस को बताया है कि वह खरियार रोड से गांजा खरीद कर लाया था। पुलिस ने समीर को एक्सप्रेस वे के नीचे संदिग्ध हालत में घूमते हुए उसके बैग की जांच की, तो उसमें गांजा का पैकेट मिला।

### रायपुर के 20 किलोमीटर...

आना-जाना करते हैं। हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की, तो पता चला नया रायपुर के राखी और नवागांव समेत मंत्रालय मार्ग में कोचिए सक्रिय हैं। बीयर से ज्यादा देसी पौवा की मांग यहां है। कोचिए 100 का पौव्वा 200 में बेच रहे हैं। 230 की बीयर 500 तक बिक रही है। कोचिए ने बताया कि नया रायपुर के होटलों में महंगी दारू और बीयर आसानी से मिल जाती है, लेकिन देसी पौवा के लिए 20 किलोमीटर दूर मंदिर हसौद जाना पड़ता है। इसीलिए लोग भी गांव में शराब लेना पसंद करते हैं। नया रायपुर के क्षेत्र में दर्जन से अधिक जगहों पर कोचिए शराब बेच रहे हैं। सभी जगह दिन में 80 से अधिक शराब की खपत बताई जा रही है।

**केस-3, नवागांव मुख्य मार्ग** : इसके बाद टीम को नवागांव में अवैध शराब मिलने की जानकारी राखी में शराब बेचने वाले कोचिए से मिली। बताए गए एड्रेस पर पहुंचने पर आस-पास दुकानों के बीच दो-तीन खपरैल मकान नजर आए। वहां जाने पर एक महिला घर के बाहर बैठी मिली। उनसे बात करने पर मशाला पौवा 200 रुपए में देने की सहमति दी गई। आगे कहा कि ज्यादा लेने पर रेट कम लगा दूंगी। बियर के लिए बाद में आने

## पेज 11 के शेष ...

के लिए कहा गया, उसे प्रति नग 600 रुपए में देने की बात महिला ने स्वीकार की।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन...

सूत्रों के मुताबिक 17 सितंबर से यह व्यवस्था विसर्जन कुंड स्थल पर रहेगी। इसके लिए संबंधित एजेंसी को जोन स्तर पर वर्कआर्डर किया जा चुका है। विसर्जन कुंड स्थल पर लोक निर्माण द्वारा आवश्यक बैरिकेडिंग करवाने और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सहित अन्य प्रशासनिक व्यवस्था 16 सितंबर से पूर्व पूरा कर लेने की जानकारी जोन कमिश्नर द्वारा दी गई। महापौर ने विसर्जन कुंड में आने वाली गणेश प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन करने मेनुवल सहित मेकैनिकल व्यवस्था देने का सुझाव दिया है।

### मेडिकल कालेजों में...

करने का सुझाव दिया है। सूत्रों के अनुसार चिकित्सा महाविद्यालयों में पुरातन संस्कृति को बढ़ावा देने इस तरह की पहल की गई है। इसके तहत तमाम चिकित्सा शिक्षकों को तीन-तीन छात्रों को शिष्य के रूप में स्वीकारने की सहमति देनी होगी। इतना ही नहीं उनकी पूरी पढ़ाई होने और संस्था में रहने तक एक गुरु की भूमिका निभाते हुए उनकी हर उलझनों और समस्याओं का समाधान करना होगा। गुरु की शरण में रहने वाले विद्यार्थियों की भी यह जिम्मेदारी होगी कि वे पुरातन काल की तरह अपने साथियों के साथ भाईचारा का धर्म निभाएंगे। इतना ही नहीं, छात्र को शिष्यों का धर्म निभाने के लिए न्यूनतम तीन से पांच परिवार का अपनी पढ़ाई पूरी होने तक ख्याल रखना होगा। उन्हें चिकित्सा से संबंधी आवश्यक सुझाव देने होंगे और जरूरत होने पर उपचार से संबंधित मदद भी करना होगा।

### खारुन का पानी...

ज्यादा केमिकल की खपत हो रही है। पानी को शुद्ध करते समय विशेष सावधानी रखी जा रही है। यह स्थिति अक्टूबर तक बनी रहेगी।

### फिल्टर प्लांट में...

फिल्टर बेड में जमा होती रहती है। खासकर बारिश के सीजन में इसकी मात्रा काफी बढ़ जाती है। यही वजह है, फिल्टर बेड की सफाई 24 घंटे में 2 बार करनी पड़ती है, जबकि सामान्य दिनों में केवल एक बार 44 फिल्टर बेड की सफाई करने से वाटर फिल्टरेशन की प्रक्रिया सहजता से पूरी हो जाती है।

**इश्तिहार**

पत्र क्रं /13465/ न. पा. नि. / जोन क्रं- 10 /2024
रायपुर, दिनांक 13-09-2024

नामतरण प्र.क्र. 13465
वार्ड का नाम - 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446S00338 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SURAJ THAKUR पिता / पति श्री/श्रीमती LT. TOLARAM THAKUR के नामसे दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Parminder singh, Prabhjot Kaur, Paramjeet Singh पिता / पति श्री / श्रीमती Paramjeet singh ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10, नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**
**क्रय-विक्रय के संबंध में**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार खिलानंद श्रीवास उम्र 40 वर्ष, पिता श्री स्व. त्रिभुवन श्रीवास निवासी गौरा चौक के पास ग्राम धनेली, गिरौद, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. (मो.नं. 9826702069) ने विक्रेतागण प्रेमलाल यादव व अन्य सहखातेदारों के नाम से संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा- धनेली, प.ह.नं.- 24, रा. नि.मं. - धरसींवा-2, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नं.- 198/1 रकबा 0.0930 हेक्टेयर (23 डिस्मील) कृषि को क्रय करने का पक्का सौदा कर क्रेता के द्वारा ब्याना राशि विक्रेतागण को अदा कर किया गया है। विक्रय विलेख की निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर ऊपर लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त कर लेवें। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नहीं होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की निष्पादन एवं बैनामा पंजीयन करा ली जावेगी, बाद मियाद प्राप्त आपत्ति झूठा, नाजायज एवं शून्य माना एवं समझा जावेगा। जो मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकार नहीं होगा।

सो सूचना जाने
दिनांक- 14/09/2024

भवदीय
के. के. चन्द्राकर, कु. अरूणा मिश्रा (अधिवक्तागण)
मो.9753871812, 7974283989

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-13**
**भाठागांव तहसील व जिला- रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 11/09/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीश कुमार पिता मोहनलाल द्वारा आवेदित ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-13 भाठागांव स्थित भूमि खसरा नंबर 88/62 रकबा 0.0160 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब / अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 16/07/2024 के परिपालन में दिनांक 23/09/2024 को समय 12.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 59 के चंगोराभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 13 , भाठागांव

### आवास संघ की बैठक में एकमुश्त समझौता योजना का प्रस्ताव पारित



रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शनिवार को छग राज्य सहकारी आवास संघ की 22वीं वार्षिक आमसभा हुई। इस आमसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट का अनुमोदन किया गया और अन्य विषयों पर भी निर्णय लिए गए। मुख्य विषय एकमुश्त समझौता योजना रही, जिसमें अवगत कराया गया कि एकमुश्त समझौता योजना की गत अवधि 1 जुलाई 2021 से 1 जून 2022 में कुल 503 00 लाख की वसूली प्राप्त हुई थी तथा कालातीत ऋणी सदस्यों को व्यावहारिक ब्याज में 42972339 की तथा दंड ब्याज में 20924904 की छूट दी गई थी। इसी प्रकार कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, विधायक सत्यनारायण शर्मा के अलावा इंद्रजीत सिंह परिहार, जयनारायण सिंह, ऋषभ पराशर, सावित्री भगत आदि शामिल थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

KS KHATRI SWEETS
खत्री स्वीट्स



होलसेल रेट
थोक भाव में मिठाइयाँ उपलब्ध
वाजिब दाम
काजू कतली - 790/-
अंजीर कतली - 730/-
गुलाब जामुन - 270/-
मोतीचुर लड्डू - 170/-
एवं अन्य सभी प्रकार की मिठाईयाँ थोक मूल्य में उपलब्ध।
एक बार अवश्य पधारे व संपर्क करें !
हरीश पेट्रोल पंप के पास, रावाभाटा, रायपुर (छ. ग.)
मोबाइल नं.: 96851 11500, 89825 19925

**खबर संक्षेप**

## नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार' महिलाएं देशभर में चलाएंगी जागरूकता अभियान



**रायपुर।** देश में महिला विरोधी हिंसा, उत्पीड़न और हत्या के बढ़ते मामलें चिंता का विषय है। महिलाओं के प्रति गहरी सामाजिक असमानताएं, स्त्री द्वेष और भेदभाव को और जटिल बना रही हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि महिलाओं के विरुद्ध यह अत्याचार एक व्यापक रूप से फैल रही बीमारी है। जो देश की शांति और प्रगति को प्रभावित कर रही है। इस खतरे का मूल कारण नैतिक मूल्यों का पतन है। समाज में महिलाओं को वस्तु के रूप में देखना, यौन शोषण, दुर्व्यवहार, पोर्नोग्राफी का व्यापक उपयोग, विवाहेतर संबंध और नशीली दवाओं का बढ़ता उपयोग हो रहा है। अब जमात -ए-इस्लामी हिंद की महिला विंग द्वारा देशभर में सितंबर माह में नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार विषय पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी महिला विंग की राबिया बसरी ने अन्य सदस्यों के साथ पत्रकार वार्ता में दी।

## कृषि महाविद्यालय के सामने बस स्टॉपेज की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने रेलवे स्टेशन से नई राजधानी वाली लोअर फ्लोर रेड बस को कृषि महाविद्यालय के सामने रोकने की सुविधा की मांग की है। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाने के लिए यह मांग जोर-शोर से उठाई जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर के समक्ष वर्तमान में जो साधारण-सा स्टॉपेज बनाया गया है, वह कोई काम का नहीं है, बल्कि उनका दुरुपयोग ज्यादा देखने में आ रहा है। देश के सभी दूरदराज के प्रदेशों से भी बहुत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का अपने-अपने सीनियर सिटीजन, गार्जियन के साथ एडमिशन के लिए काउंसिलिंग में भी यहां आना-जाना लगा रहता है।

## हिमांशु बने शिवसेना के प्रदेश सचिव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित भवन में शनिवार को शिवसेना छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से हिमांशु शर्मा को शिवसेना (शिंदे गुट) का प्रदेश सचिव बनाने का निर्णय लिया। साथ ही उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये युवा साथी राजधानी समेत पूरे प्रदेश में पार्टी की गतिविधियों एवं संगठन में तेजी लाएंगे और पूरे प्रदेश में हिंदू राष्ट्र कि मांग को लेकर ज्यादा से ज्यादा धरना और ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से शिवसेना छत्तीसगढ़ (शिंदे गुट) के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष मधुकर पांडेय, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव आदि शामिल थे।



# डीजे पर प्रशासन सख्त, कार्रवाई के विरोध में प्रदेशभर के संचालक आज करेंगे पदयात्रा

**अपनी मांगों लेकर प्रशासन को पहले ही ज्ञापन दे चुके, जिस पर अब तक निर्णय नहीं लिया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन और हाईकोर्ट के निर्देश के तहत कानफोड़ डीजे पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन सख्त रवैया अपना रहा है। इसके तहत डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। इधर दूसरी ओर प्रशासन की इस कार्रवाई के विरोध में अब प्रदेशभर के डीजे संचालक रविवार को राजधानी रायपुर में पैदल मार्च कर प्रदर्शन करेंगे।

रायपुर धुमाल एवं डीजे संघ के अध्यक्ष गौतम महानंद ने बताया कि डीजे का संचालन कर सकें, इसके लिए प्रशासन की सभी शर्त मानने के लिए वे तैयार हैं। पिछले वर्ष भी प्रशासन के दिशा-निर्देश पर डीजे सिस्टम में वाहन में लगने वाले साउंड स्पीकरों को लगाना बंद कर दिया है, लेकिन अब वाहन में साउंड बॉक्स लगाने पर भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सभी शहरों के डीजे संचालक रायपुर पहुंच रहे हैं।

यहां बूढ़ातालाब, सप्रे स्कूल के पास एकत्र होकर शहर के विभिन्न मार्गों में पैदल मार्च कर इस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों लेकर प्रशासन को पहले ही ज्ञापन दे चुके हैं, जिस पर अब तक निर्णय नहीं लिया गया है। इस कारण वे गणेश झांकी विसर्जन के लिए डीजे की बुकिंग भी नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांग मानी नहीं जाएगी, तो इस बार गणेश झांकी विसर्जन में डीजे-धुमाल नहीं बजाएंगे।



### सुप्रीम कोर्ट ने डीजे को ध्वनि प्रदूषण मानते हुए इस पर रोक लगाई हुई है

गौरतलब है कि डीजे से सबसे ज्यादा तेज ध्वनि प्रदूषण होती है, जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इसकी ध्वनि इतनी तेज है कि यह लोगों की मृत्यु का कारण भी बनने लगी है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में एक युवक की डीजे की तेज आवाज के कारण सिर की नस फट गई, जिससे उसकी मौत हो गई। यह पहली घटना नहीं है कि देशभर में डीजे की तेज आवाज के कारण कई बुजुर्ग एवं हार्ट मरीज लोगों की हार्ट अटैक आने से जान भी जा चुकी है। डीजे से बच्चों को भी बड़ा खतरा है। इससे सुनने की क्षमता भी कम होती है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने डीजे को ध्वनि प्रदूषण मानते हुए इस पर रोक लगाई हुई है। हालांकि इसके बाद भी कई राज्यों के कई शहरों में डीजे पर प्रशासन लगाम नहीं लगा पा रहा है।

## धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ का 18 से नवा रायपुर में धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर की सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटर 18 सितंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन करेंगे। 2 सूत्रीय मांग को लेकर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर डाटा कंप्यूटर आपरेटर अपने लंबित मांगों की अनदेखी से नाराज होकर अनिश्चितकालीन धरना देने की तैयारी में हैं।



- नियमितीकरण और 27 फीसदी वेतन वृद्धि अगस्त 2023 से देने की मांग
- 2 सूत्रीय मांग को लेकर बेमियादी धरना

प्रदेशभर की सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्रों में सालों से कार्यरत डाटा एंटी आपरेटरों ने 2 सूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। लामबंद डाटा एंट्री आपरेटरों का कहना है कि पिछले 17 सालों से वे धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत हैं, पर अब तक उनका नियमितीकरण नहीं किया गया। यही नहीं, 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ उन्हें अगस्त 2023 से प्रदान करने की मांग धान खरीदी आपरेटर संघ के माध्यम से की जा रही है। इसके बाद भी शासन-प्रशासन उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है। इसके विरोध में 2 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने वे नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

### गेल इंडिया लिमिटेड के तहत तिल्दा क्षेत्र के कई किसानों के खेतों से गुजरी पाइप लाइन

# खेतों में बिछाई गैस पाइपलाइन, अब तक फसल-फेंसिंग का मुआवजा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। यह काम पिछले दो साल से चल रहा था। इस कार्य के लिए इस क्षेत्र के कई गांवों के किसानों की जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिसके बदले उन्हें मुआवजा भी दिया गया है, लेकिन ऐसे कई किसान है जिन्हें जमीन का मुआवजा तो दे दिया गया, लेकिन पाइप लाइन बिछाने के दौरान खरीफ-रबी की फसलों और तार फेसिंग को पहुंची क्षति का मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है। किसान मुआवजा राशि के लिए बार-बार सरकारी दफ्तर से लेकर गेल इंडिया के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं।

पाइप लाइन बिछाने के पहले जिन किसानों के खेत इसके दायरे में आ रहे थे, उन सभी किसानों को गेल इंडिया द्वारा नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के माध्यम से किसानों को पाइप लाइन बिछाने के लिए जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिसका मुआवजा से लेकर प्रभावित हुई खरीफ और रबी फसल तथा फेसिंग तार के नुकसान का मुआवजा देने का भी वादा किया गया था।



### कलेक्टर जनदर्शन में किसानों ने की शिकायत

तरपोंगी गांव के किसानों में बंशीदास मानिकपुरी, राजेंद्र कुमार, गोपालशरण नायक, टेकराम वर्मा, विष्णु वर्मा, गजराज सहित अन्य ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर इस संबंध में शिकायत की है। किसानों का कहना है कि दो साल से वे मुआवजा राशि को लेकर अधिकारियों से मिल रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। इधर जनदर्शन में आई इस शिकायत के बाद तिल्दा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी का कहना है कि पात्रता के अनुसार प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। गेल इंडिया का काम अभी जारी है।

### जैसे-जैसे फंड आ रहा मुआवजा बांटा

गैस पाइप लाइन बिछाने से प्रभावित किसानों को जमीन के साथ फसल और तार फेसिंग नुकसान का मुआवजा देने का प्रावधान है। फंड जैसे-जैसे आ रहा है किसानों को मुआवजा भी मिल रहा है।

**- आशुतोष कुमार देवांगन,** अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा-नेवरा

### नागपुर से झारसुगुड़ा तक बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन

भारत सरकार की गेल इंडिया गैस पाइप लाइन योजना के तहत नागपुर से झारसुगुड़ा तक गैस पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के भी कई जिले शामिल है। इनमें रायपुर के अलावा दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद, कवर्धा, सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा आदि शामिल है। इस योजना के तहत घर-घर गैस पाइप लाइन के जरिए पहुंचाई जाएगी।

### डेढ़ साल से बंद पड़ी थी योजना

रायपुर जिले में भी यह योजना पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ी थी। इस योजना पर अब दोबारा काम शुरू किया गया है। इसके तहत तिल्दा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का काम भी जारी है।

## राज्यपाल से मुलाकात, नवनिर्मित ऑनलाइन एप 'फ्लेम' की दी जानकारी



**रायपुर।** सैनिक कल्याण संचालनालय के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने राजभवन में शुक्रवार को राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इसी दौरान ब्रिगेडियर श्री शर्मा ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर राज्य सैनिक बोर्ड एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों के क्रियाकलापों की जानकारी पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन किया। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया। भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के पंजीयन तथा आर्थिक सहायता के लिए एनआईसी के सहयोग से नवनिर्मित ऑनलाइन एप 'फ्लेम' (फ्लेग डे फंड आटोमेशन और ईएसएम डेटा का प्रबंधन) के विषय में जानकारी प्रदान की गई। संचालक ने राज्य सैनिक बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित वार्षिक बैठकों के संबंध में जानकारी दी। जिस पर राज्यपाल ने 16वीं राज्य प्रबंधन समिति की वार्षिक बैठक को अक्टूबर माह में आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया। सैनिक कल्याण के संचालक ने राज्यपाल को झंडा दिवस (7 दिसंबर) के उपलक्ष्य में राजभवन में आयोजित समारोह के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार बढ़ाने एम्स में सृजन केंद्र का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवोन्मेष को बढ़ाने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया है। यह केंद्र बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और चिकित्सा विज्ञान का एक संयुक्त समावेशी केंद्र होगा, जो नई तकनीकों की मदद से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करेगा।

- बायोमेडिकल के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर होगा काम

एम्स के निदेशक डॉ. अशोक जिंदल ने सृजन केंद्र (साइंटिफिक रिसर्च एंड इनोवेशन जंक्शन फॉर एआई एंड न्यू बायोमेडिकल टेक्नोलॉजी) का उद्घाटन शनिवार को किया। इसे एम्स के चिकित्सा शिक्षकों और आईआईटी भिलाई के शिक्षकों द्वारा नए विचारों और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उदेश्य बायोमेडिकल प्रौद्योगिकी में हो रहे नवाचारों और वैज्ञानिक अनुसंधानों को बढ़ावा देना है। इसके साथ स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में इनका अनुप्रयोग करना है। इससे साक्ष्य आधारित चिकित्सा पद्धतियों और ऐसी तकनीकों को विकसित किया जा सके, जिससे रोगी और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सके। सृजन के तहत पहली परियोजना इंटेलिजेंट इमरजेंसी केयर सिस्टम है, जो एम्स आईआईटी भिलाई की एक संयुक्त पहल है। सृजन का नेतृत्व डॉ. देबेंद्र कुमार त्रिपाठी के साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान एम्स के अधिष्ठाता (अकादमिक) डॉ. आलोक सी. अग्रवाल, अधिष्ठाता (अनुसंधान) डॉ. सरिता अग्रवाल, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) डॉ. कृष्णदत्त चावली और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू राजगुरु भी उपस्थित थे।



## दो सौ में 37 जमीन मालिकों को निगम का नोटिस, रजिस्ट्री जमीन का मुआवजा देने को तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमलीडीह में नहर-नाली के पास करीब 200 प्रभावितों में से केवल 37 लोगों को जोन व तहसीलदार द्वारा नोटिस भेजा गया है। पीड़ितों ने बताया कि हम नोटिस और कार्रवाई की सच्चाई पत्रकारवार्ता के माध्यम से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की मंशा से आए हैं। जिन लोगों को सर्वे के आधार पर नोटिस दिया गया है, उन्हें मुआवजा देने का भी प्रावधान नहीं किया है। लोग इसलिए विरोध कर रहे, चूंकि जिम्मेदार वस्तुस्थिति को जाने बिना कार्रवाई करने के लिए नोटिस भेज रहे हैं।

- अमलीडीह में प्रभावित होने वाले लोगों ने की न्याय की मांग

राजधानी के अमलीडीह क्षेत्र में सर्वे के नाम पर की गई खानापूर्ति की जानकारी देते हुए अनिमेश शुक्ला, नरेश कुमार विश्वकर्मा और विक्रम तनवानी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिन लोगों को नोटिस दिया गया है, उन सभी लोगों की रजिस्ट्री जमीन होने के साथ ही परमिशन लेकर बनाया गया है। नहर-नाला (केनाल रोड) से निकला है। प.ह.क्र. 69 में नहर-नाली की लंबाई 2.50 किलोमीटर है। इसके बीच में केवल 0.50 किलोमीटर यानी कुल क्षेत्रफल 1.339 हेक्टेयर (17000 वर्ग मीटर) के बीच में केवल 0.330 हेक्टेयर और लगभग 200 रजिस्ट्री कराने वाले जमीन मालिकों के बीच में नाली है। इसके बाद भी केवल उत्तर दिशा के 37 लोगों को जोन व तहसीलदार द्वारा नोटिस दिया गया है। इससे किसी योजना या उद्देश्य की पूर्ति होती नहीं दिख रही है। यह एक-तरफा कार्रवाई क्यों हो रही है। इसकी जांच होनी चाहिए, अगर कार्रवाई हो रही, तो इसमें लगानी जमीन के लिए मुआवजे का प्रावधान क्यों नहीं किया गया है।

## बस टिकट लेने के नाम पर यात्री के साथ मारपीट चार एजेंट गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में यात्री को डरा धमकाकर टिकट काउंट ले जाकर जबरन टिकट लेने विवश करने तथा मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन टिकट एजेंट को गिरफ्तार किया है। यात्री ने पुलिस को बताया है कि वह मंगलवार को जगदलपुर जा रहा था, इसी दौरान एजेंटों ने उसके साथ घेर कर मारपीट की थी।

पुलिस के अनुसार बलौदाबाजार, कसडोल निवासी दुजराम बांधे की शिकायत पर मोहम्मद जमील, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अनस, मोहम्मद आसिम को गिरफ्तार किया गया है। दुजराम ने पुलिस को बताया है कि वह अपने अन्य साथियों के साथ घटना दिनांक को जगदलपुर में हॉस्टल अधीक्षक की परीक्षा दिलाने जा रहा था। इसी दौरान चारों टिकट एजेंट ने उन्हें घेर लिया और जबरन टिकट काटने के लिए काउंटर पर ले गए। दुजराम तथा उसके साथियों ने बाद में टिकट कटाने की बात कही, तो जमील तथा उसके साथियों ने दुजराम तथा उसके साथियों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की।

## गंदगी के खिलाफ 22 को करेंगे प्रदर्शन

**रायपुर।** वर्धमाननगर देवपुरी कालोनी के रहवासी गंदगी और अवैध पार्किंग के खिलाफ 22 सितंबर को आंदोलन करेंगे। कालोनी वासियों का कहना है कि थोक सब्जी मंडी डूमरतराई चौक के पास अव्यवस्थित पार्किंग और रास्ते में सड़े-गले फल व सब्जियों के फेंकने से उत्पन्न दुर्गंध से वे बेहद परेशान हैं। शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके विरोध में 22 सितंबर को उग्र प्रदर्शन करेंगे।




**बिजनेस साइट सिटी**

## सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश पर विशेष छूट



**रायपुर।** 23 वर्ष पुरानी और विश्वसनीय संस्था सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर ने बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए विशेष छूट की घोषणा की है। 11 से 15 सितंबर तक छात्रों को 25% तक की छूट प्रदान की जा रही है। इस विशेष छूट का लाभ उठाकर छात्र अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल में क्लीनिकल ट्रेनिंग प्रदान की जाती है। अब तक कॉलेज के 45% विद्यार्थियों का चयन शासकीय अस्पतालों में और 55% का चयन प्राइवेट अस्पतालों में हुआ है। संस्थान हर साल नर्सिंग कैम्पस प्लेसमेंट की सुविधा भी प्रदान करता है, जिसमें छात्रों को सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में अच्छे पैकेज के साथ प्लेसमेंट मिलता है। इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष एम्स में 3 से 4 विद्यार्थियों का चयन भी होता है।

## पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में प्लेसमेंट कैंप

**रायपुर।** भाठागांव स्थित पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में एक सफल प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में प्रमुख कंपनियों सत्य माइक्रो फाइनेंस और टेक्नोटास ने भाग लिया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने संस्थान के विभिन्न शाखाओं से आए छात्रों के साथ साक्षात्कार किए और उनकी योग्यता का आंकलन किया। कैंप में बड़ी संख्या में छात्रों ने अपना तकनीकी और प्रबंधन कौशल प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्रों को अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिला और उनके भविष्य के कॅरियर के लिए एक बेहतर दिशा प्राप्त करने में मदद मिली।



## मैट्स में मनाया गया अभियंता दिवस समारोह



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी (एमएसईआईटी) ने भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर इंजीनियर्स डे समारोह मनाया। यह कार्यक्रम देश के प्रमुख इंजीनियर के समाज में किए गए अभूतपूर्व योगदान को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया। समारोह में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या ने भाग लिया।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 15 सितंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## आराधना

# तप बिना संसार से छुटकारा संभव नहीं दैनिक जीवन में हर व्यक्ति करे शामिल



**रायपुर।** डीडीनगर स्थित 1008 श्री वासूपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व के अवसर पर प्रतिदिन जैन धर्मावलंबी तप, साधना में लीन होकर आराधना कर रहे हैं। दस दिवसीय पर्व के सातवें दिन उत्तम तप धर्म मनाया गया। इस अवसर पर कंटगी मध्यप्रदेश से आए बाल ब्रह्मचारी अरूण भैया ने कहा कि तप से मन की इच्छाओं का निरोध करना उत्तम तप धर्म है। तप शक्ति के अनुसार किया जाना चाहिए। दैनिक जीवन में भी रात्रि भोजन का त्याग करना, व्रतों के दौरान एकासन, उपवास, रसी का त्याग करना आदि तप है, जिसकी सतत साधना करने से हम मोक्ष की राह के पथिक बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि तप से हमारे परिणामों में निर्मलता आती है। तप की क्रियाओं के माध्यम से ऐसा धर्म, आचरण करें कि कर्मों का संवर तथा निर्जरा हो सके।

### भजनों पर आधारित हुए क्विज प्रोगाम

तप ही आत्मा को कर्म मलरहित करता है। तप की साधना करने वाला परिषह-उपसर्ग आदि आने पर भी रत्नत्रय धर्म से च्युत नहीं होता।तप किए बिना संसार से छुटकारा संभव नहीं है। संध्याकालीन विविध धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में श्री दिगंबर जैन सेवा समिति द्वारा जैन आगम व भजनों पर आधारित क्विज प्रोगाम कराया गया, जिसमें चार टीम बनाकर कई चरणों के आधार विनर घोषित किया गया। वहीं आदिश्वर महिला मंडल द्वारा पूर्व में कौन बनेगा धर्म शिरोमणि आयोजित किया गया, जिसमें पहेलियों, प्रश्नोत्तरी के आधार पर टीम बनाकर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रिया जैन, शशि जैन, आशीष जैन, एमके जैन, अमिता जैन आदि विनर रहे।

## सिटी इवेंट

# महीनेभर चलेगा अग्रसेन जयंती महोत्सव समाज के प्रतिभावान बच्चे देंगे प्रस्तुति



**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार अग्रवाल समाज रायपुर द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव मनाया जाएगा, जिसकी शुरुआत मरीन ड्राइव में अग्रथान दौड़ से हो चुकी है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया, इसी कड़ी में शनिवार व रविवार से मोहल्ला स्तर पर कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहे हैं। सर्वप्रथम रामसागर पारा जवाहर नगर मोहल्ला समिति द्वारा अग्रसेन भवन जवाहर नगर में और संतोषी नगर कमल विहार मोहल्ला समिति द्वारा माहेश्वरी भवन कमल विहार में कार्यक्रम की शुरुआत होने जा रही है। दो दिनों के कार्यक्रमों में अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें से कुछ प्रतियोगिताएं मोहल्ला स्तर पर ही समाप्त हो जाएंगी। प्रतियोगिता के प्रथम व द्वितीय विजेता समाज द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो अग्रसेन धाम छोकरानाला में होंगे।

### सम्मानित होंगे समाज के प्रतिभावान

प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल एवं आयुष मुरारका ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज 29 सितंबर दिन रविवार को कार्निवल कार्यक्रम से प्रारंभ होगा, जो कि लगातार पांच दिन तक विभिन्न प्रतियोगिताओं माध्यम से समाप्त होगा। 29 को अग्रसेन जयंती महोत्सव का उद्घाटन एवं 3 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन होगा। कार्यक्रमों के विजेताओं द्वारा अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे भगवान अग्रसेन की आरती व शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो की अग्रसेन भवन ज्वाहर नगर से प्रारंभ होकर खाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी में समाप्त होगी।

## लाइव इवेंट

# सुर-ताल संग 'आली री मोहे लागे'... की प्रस्तुति ने कराया वृंदावन का एहसास



**रायपुर।** इस बार भी महाराष्ट्र मंडल में शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव समिति ने सातवें दिन कमल ताई शेष स्मृति सुगम संगीत स्पर्धा का शानदार आयोजन किया। इसमें 'आली री मोहे लागे वृंदावन नीको'.., हरि बिन जीवन में क्या रखा'..., 'राधा रमण हरे- हरे और राधा किशोरी दया करो' ... की गूंज से संत ज्ञानेश्वर के सभागृह में वृंदावन धाम अनुभूति श्रोताओं को हुई। मीरा के भजन शुरू होते ही सभागार में बैठक करके श्रोता कृष्ण भक्ति में लीन हुए। वहीं 40 प्रतिभागियों ने गजल और भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। संयोजक रंजन मोडक ने बताया कि सुगम संगीत स्पर्धा में निर्णायक रमेश पालकर और धर्मेन्द्र सिंहदेव थे। मुख्य अतिथि आजीवन सभासद विनोद शेष थे। उन्होंने मां कमल ताई शेष की स्मृति में संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया।

### कई स्कूल-कॉलेजों ने लिया भाग

सांस्कृतिक समिति की प्रभारी भारती पलसोदकर ने बताया कि दिव्यांग महाविद्यालय माना, इंदिरा संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़, बालाजी विद्या मंदिर, कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना, ग्लावदास चंद्रप्रभा चेरिटेबल ट्रस्ट, संत ज्ञानेश्वर स्कूल, कमला देवी संगीत महाविद्यालय सहित कई स्कूलों व कालेजों ने इसमें उपस्थिति दी। बच्चों व युवाओं ने प्रतियोगिता में बेजोर प्रस्तुति से लोगों का भरपूर मनोरंजन भी किया। विजेता चैतन्य जोगलेकर, उप विजेता जिया रानी ध्रुव रहे। तृतीय स्थान उत्कर्ष दुबे ने प्राप्त किया। तीनों प्रतिभागियों को 1000, 750 और 500 रुपए नकद पुरस्कार के साथ शील्ड व प्रमाण पत्र दिया गया।

## जेसी वीक की क्लोजिंग सेरेमनी में पारंपरिक परिधानों में नजर आईं गृहणियां

# चूल्हा-चौका छोड़कर महिलाओं ने रैंपवॉक कर बिखेरे जलवे

*जेसी वीक की क्लोजिंग सेरेमनी में जेसीआई वामंजलि द्वारा 'कर्वी क्वीन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गृहिणियों द्वारा शानदार रैंप वॉक किया गया। संबोधन में जेसीआई वामंजलि की अध्यक्ष अर्चना द्विवेदी ने बताया, प्रत्येक वर्ष संस्था द्वारा विभिन्न कार्य जनहित के उद्देश्य से किया जाता है। यह आयोजन गृहिणियों को मंच देने के उद्देश्य से रखा गया।*

**रायपुर।** प्लस साइज फैशन शो स्पर्धा में 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 26 मिसेस केटेगरी व 14 मिस केटेगरी की प्रतिभागी शामिल रहीं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए राजधानी के अलावा बलौदाबाजार, भिलाई ,दुर्ग, राजनांदगांव से प्रतिभागी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया। पहला पारंपरिक परिधान, दूसरा टैलेंट शो व तीसरा वेस्टर्न लुक। तीनों चरणों में महिलाओं ने शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं ने भी हिस्सा लिया, जिन्होनें अपने शानदार रैंप वॉक से खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को प्रोत्साहित करने परिजन भी उपस्थित रहे।



### शादी के बाद पहली बार किया रैंप वॉक

कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कॉलेज के दौरान रैंप वॉक किया था। शादी के बाद सब छूट ही गया था, लेकिन प्रतियोगिता से जुड़कर फिर से कॉलेज के दिनों की यादें ताजा हो गई हैं। महिलाओं ने बताया कि घर में काम और जिम्मेदारियों के चलते हम अपने शौक को समय दे नहीं पाते, लेकिन प्रतियोगिता में एक बार फिर रैंप वॉक कर आत्मविश्वास बढ़ गया है। कार्यक्रम में कुछ युवतियों और 55 साल की महिलाओं ने पहली बार फैशन स्पर्धा में हिस्सा लिया।





### विशेष श्रृंगार कर पहुंचीं महिलाएं

प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। घरों से महिलाएं विशेष श्रृंगार कर पहुंची थीं। जज ने पहली बार रैंप वॉक कर रही महिलाओं का डर दूर दिया और वॉक करने का तौर-तरीके के बारे में भी बताया। महिलाओं ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर दो सप्ताह से घरों में तैयारी चल रही थी, जैसे कॉलेज के समय में करती थीं।

### पारंपरिक परिधानों में रैंप पर उतरीं



सैकड़ों की संख्या में मौजूद दर्शकों के बीच पहली बार मंच पर पूर्ण आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक करती महिलाएं पारंपरिक परिधान के साथ साउथ इंडियन, बंगाली, पंजाबी, राजस्थानी वेशभूषा में सज-धज कर पहुंचीं थीं। टैलेंट शो में महिलाओं ने संगीत, नाटक, नृत्य व कविताएं पेश कीं। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र महिला द्वारा अपने परिवार का परिचय रहा, जिसमें महिला ने अपने माता-पिता का जीवन में अहम योगदान बताया, इस दौरान दर्शक भावुक हो गए।

### विजेता प्रतिभागी

दोनों ही केटेगरी में प्रथम विजेता को डायमंड रिंग, द्वितीय विजेता को सोने का सिक्का और तृतीय विजेता को चांदी का सिक्का उपहार में दिया गया। ब्यूटीफुल स्माइल ईशा, बेस्ट पर्सनालिटी सीमा सिंह, बेस्ट रैंप वॉक रोशनी सूर्यवंशी, बेस्ट ड्रेसअप सना खान, ब्यूटी विथ ब्रेन नंदनी बघेल, बेस्ट कॉफिडेंट परीना, मिस केटेगरी बेस्ट स्माइल प्रतिमा, मोस्ट कॉफिडेंट पूजा जैन, मिसेज की विनर प्रियंका अग्रवाल, मिसेज फर्स्ट रनरअप शिवांगी मिश्रा, मिसेज सेकेंड रनरअप चेतना सुराना, मिस केटेगरी वस्ट रनरअप महक व सेकेंड रनरअप हर्षा रहीं।

# स्केटिंग में दिखा रफ्तार का रोमांच

**रायपुर।** जहां अनुभवी खिलाड़ियों ने स्पर्धा में शानदार शुरुआत की तो वहीं पहली बार प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागी सहमे नजर आए। सीबीएसई द्वारा आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपना नाम दर्ज कराया। दो पाली में खेल को विभाजित किया गया, जिसमें रोड रेस व रिंग रेस शामिल रहे। सरोना स्थित केपीएस में चार दिवसीय स्पर्धा का आयोजन किया गया है, जिसमें कक्षा दूसरी से 12वीं तक के छात्र मौजूद रहे। रेस की पहली पाली की प्रतियोगिता नवा रायपुर में हुई, जहां परिजन अपने बच्चों के साथ पहुंचे थे। पहली बार स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोच मोटिवेट करते रहे। वहीं अनुभवी प्रतिभागी अपने कोच से न्यू टिप्स व तकनीक का प्रशिक्षण लेते दिखे। शाम 4 बजे से देर रात तक आयोजित रिंग रेस में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



### छत्तीसगढ़ का रहा दबदबा

ओडिशा की 15 वर्षीय प्रतिभागी अनिका कर बीते 4 वर्षों से निरंतर स्केटिंग करती आ रही हैं। वे भविष्य में भी देश के लिए खेलना चाहती हैं। खिलाड़ी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, शुरुआती दिनों में स्केटिंग करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। रोजाना चोट खाने के बाद नई शुरुआत के लिए परिजन व कोच मदद करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान स्केटिंग करते वक्त गिरने से हार का सामना भी करना पड़ता है, जिसके कारण खिलाड़ियों का मनोबल कम होता जाता है, लेकिन अपनी हार को मोटिवेशन के रूप में सोचकर जीतने का लक्ष्य तय किया जाता है। यह सोच प्रत्येक खिलाड़ी की है, जो अपने प्रतिस्पर्धी को देखकर अपने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हैं।

# रोटरी क्लब ने किया उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान, साझा किए अनुभव

**रायपुर।** रोटरी वेस्ट की ओर से शहर के 8 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला शामिल हुए। कैलाश अग्रवाल ने बताया कि शिक्षकों के ज्ञान से ही शिक्षा विस्तार होता है। सम्मान से शिक्षकों का उत्साह बढ़ा है। सम्मान में प्रमुख रूप से डॉ. कल्लोल के. घोष एचओडीकेमिस्ट्री, और डायरेक्टर, स्कूल ऑफ स्टडीज और भास्कर देवांगन टेक्निकल को-




ऑर्डिनेटर, डेकेश्वर प्रसाद वर्मा एनसीईआरटी, रीना मंडल नवाचार शिक्षक, अर्पणा तिवारी स्काउट एवं गाइड, सुनीला फ्रेंकलिन स्कूली शिक्षा में अग्रणी, तनु पांडे साइंस एवं कंप्यूटर एजुकेशन और प्रो. आकाश बाघमारे को इतिहास के लिए सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर वेस्ट के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र अग्रवाल और कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला ने शॉल, श्रीफल और उत्कृष्ट शिक्षक सर्टिफिकेट प्रदान किए।

## नाटक से जीवन में सही राह व जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश

कार्नर न्यूज

# डॉक्टर के मनोभाव पर जीवंत मंचन, धर्म व अगोरा नाटक ने खींचा दर्शकों का ध्यान

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल द्वारा गणेशोत्सव के अवसर पर 11 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के 8वें दिन हिन्दी नाटक 'धर्म' व छत्तीसगढ़ी नाटक 'अगोरा' का मंचन किया गया। शाम 7 बजे से आयोजित कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ रही। श्रीगणेश की भव्य आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान दो नाटकों का मंचन किया गया, जिसमें 35 कलाकारों ने अपनी भूमिका निभाई। दोनों ही नाटकों में व्यक्ति के स्वभाव व समाज के प्रति कर्तव्यों के बारे में बताया गया, जिसमें एक सरल स्वभाव व निस्वार्थ भाव से प्रत्येक व्यक्ति की मदद करने की बात पर जोर दिया गया। हिंदी नाटक 'धर्म' एक व्यक्ति के जीवन पर आधारित है, जो बचपन से एक ही मनोभाव के साथ जीवित रहा। नाटक की शुरुआत डॉ. देशपांडे के किरदार से शुरू हुई, जिसकी बड़ी बहन उसके बचपन में प्रेम प्रसंग के कारण आत्महत्या कर लेती है। अपनी बहन के मृत्यु का कारण डॉक्टर, बहन के प्रेमी को मानता रहा। चिकित्सक की उपाधि, धन, सम्मान व प्रतिष्ठा के बाद भी डॉ. देशपांडे के मनोभाव में परिवर्तन नहीं हुआ।







### नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश

अंग्रेजी की कहानी वेटिंग का हिंदी व छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर नाटक तैयार किया गया। नितीश यादव व लोकेश साहू द्वारा नाटक का रूपांतरण छत्तीसगढ़ी में किया गया। संगीतकार के रूप में संत फरिकार और वादन में वेदराम यादव व राजू यादव रहे। 50 मिनट के छत्तीसगढ़ी नाटक में 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का संदेश देने का प्रयास किया गया, जिसमें मोची के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति दयाभाव को दर्शाया गया। 20 लोगों के समूह में नाटक का मंचन किया गया, जिसमें नितीश यादव, श्यामू, सुमन त्यागी, सुषमा गायकवाड़ व आकाश ने मुख्य किरदार निभाया।

### अगोरा में भगवान श्रीराम व माता सीता की झांकी

नाटक की शुरुआत गांव में होने वाले राम सप्ताह आयोजन के साथ की गई। अभिनय में मोची को भगवान का स्वप्न आता है कि दूसरे दिन भगवान उसके घर आने वाले हैं, जिसके बाद वह अपने घर में भगवान के स्वागत के लिए भोग व फूलों से सजावट करता है। इस दौरान मोची के घर पर एक सफाईकर्मी आता है, जो भूखा व बीमार रहता है, जिसे भोजन देकर व सेवा कर उसकी मदद करता है। इसके बाद एक विधवा महिला व उसका नन्हा बच्चा आता है, जो बीते तीन दिनों से भूखे होते हैं। बच्चे को भूख से रोता देख भगवान के लिए रखा हुआ दूध मोची बच्चे को दे देता है। महिला अपने पति की तलाश में घर से दूर आ जाती है, जिसके बाद वह अपने पति की मृत्यु का खबर सुनकर निराश हो जाती है। महिला के पास पैसे न होने के कारण वह काम की तलाश करती है, लेकिन मोची उसे वापस घर जाने की सलाह देता है। अनजान होकर भी मोची का मदद भाव देख महिला भावुक हो जाती है, यह दृश्य देख दर्शक भी भावुक हो गए। अंत में मोची के पास वसूली करने वाला व्यक्ति आता है, जो उसके दोस्त का बेटा होता है। अपने दोस्त के बेटे को गलत काम करता देख उसका हृदय परिवर्तन करने का प्रयास करता है।

## गणेशोत्सव 2024




श्री कृष्ण मंदिर गणेशोत्सव समिति



श्री शिव साईं परिवार गणेशोत्सव समिति, तेलीबांधा



नवयुवक गणेशोत्सव समिति गांधी चौक, देवपुरी



रघुनंदन परिवार गणेशोत्सव समिति, तेलीबांधा



श्री भारत गणेशोत्सव समिति रविनगर, गली नंबर 3, तेलीबांधा



श्री राम गणेशोत्सव समिति, फाफाडीह



न्यू गौरी पुत्र गणेशोत्सव समिति, डंगनिया



जय श्री हनुमान नगर गणेशोत्सव समिति, संतोषी नगर



बाल संघ गणेशोत्सव समिति रामकुण्ड, उत्कल बस्ती




डी पी होम कॉलोनी, अमलीडीह



यूनिटी नवयुवक गणेशोत्सव समिति, श्याम नगर



गौरी-गौरा चौक, टिकरापारा, संजय नगर



श्री शेरा क्लब, गणेशोत्सव समिति गली नं. 3 तेलीबांधा

● संतों और पुरोहितों ने कहा- हर साल युवा पीढ़ी सनातन धर्म के नियमों का बना रही मजाक

# पितृपक्ष में प्रतिमा विसर्जन करना पाप के समान डीजे के बजाय भजन करते हुए निकालें यात्रा

*अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 17 सितंबर को शहर में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया जाना है। विसर्जन के लिए यही शुभ मुहूर्त है, जिसके बाद पितृपक्ष शुरू हो जाएगा। बीते कुछ सालों से शहर में पितृपक्ष के दौरान प्रतिमा विसर्जित करना परंपरा बन गई है, जिसे लेकर शहर के संत और पुरोहितों ने नाराजगी जाहिर की है।*




### पूर्णिमा तक कर सकते हैं विसर्जन

महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि इस बार शहर में शास्त्रों के नियमानुसार लोगों को विसर्जन करना चाहिए। शास्त्रों में नहीं लिखा है कि डीजे के साथ प्रतिमा विसर्जित करनी है। यह गलत परंपरा है। पूर्णिमा तक प्रतिमा विसर्जित कर सकते हैं। हवन के बाद भगवान जगह को त्याग देते हैं। ऐसे में प्रतिमा को पंडाल में रखना सही नहीं है। युवाओं को समझना होगा कि शास्त्रों के नियमानुसार गणेशजी की पूजा और विसर्जन होना चाहिए।

**रायपुर।** संतों का साफ तौर पर कहना है कि युवा पीढ़ी ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना को मजाक बना दिया है। डीजे पर फिल्मी गीतों के साथ विसर्जन करना शास्त्रों में नहीं लिखा है। 11 दिन भक्ति भाव से पूजा के बाद अंतिम दिन शराब पीकर विसर्जन करना पाप है, जो भी यह करते हैं, उन्हें दुष्परिणाम भुगतना तय है।



संतों और पुरोहितों की अपील है कि इस बार समितियां पितृपक्ष के पहले ही प्रतिमा विसर्जित कर दें। डीजे के जगह ढोल-नगाड़े के साथ विसर्जन किया जाए। हिंदी गानों की जगह पर भक्ति भजन होने चाहिए।



### गणेशोत्सव को बना दिया मजाक का पर्व

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी पं. मनोज शुक्ला का कहना है, लोगों ने गणेश उत्सव को मजाक का पर्व बना दिया है। अनंत चतुर्दशी के बाद भी गणेशजी को पंडाल में रखना और देर रात विसर्जन से उन्हें हानि होगी। शास्त्रों में स्थापना और विसर्जन का दिन निर्धारित है। जब कोई इन नियमों का पालन नहीं करता है तो उस स्थिति में भगवान भी निश्चित तौर पर नाराज होते हैं। इस बार भी शहर में शास्त्रों के मुताबिक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होना चाहिए। शास्त्रों के मुताबिक, सूर्यास्त के बाद प्रतिमा विसर्जित नहीं की जाती है, लेकिन ज्यादातर लोग रात के समय ही विसर्जन करते हैं।



### शास्त्रों से छेड़खानी उचित नहीं

सनातन धर्म में हर कार्य का शुभ मुहूर्त पहले से निर्धारित है, लेकिन युवा पीढ़ी इसका पालन नहीं कर रही है। श्री सुरेश्वर महादेवपीठ के संस्थापक स्वामी राजेश्वरानंद का कहना है, बीते 4-5 सालों से गणेशोत्सव का माहौल शहर में पूरी तरह बदल गया है। शहर में अनंत चतुर्दशी के बाद भी प्रतिमाएं विसर्जित होने से नुकसान केवल समिति को नहीं, राज्य में रहने वाले लोगों को भी होगा। श्री गणेश पुराण में साफ तौर पर लिखा हुआ है कि पृतिपक्ष में प्रतिमाएं विसर्जित नहीं की जाती हैं। शास्त्रों के नियमों से छेड़खानी करने वाले लोगों को इसका खामियाजा शत-प्रतिशत भुगतना ही पड़ेगा। जो व्यक्ति पितृपक्ष में विसर्जन करता है, उनके जीवन में कोई अनहोनी घटना घटित होगी। जीवन में असंतोष और दुख भी आ सकते हैं। श्रीगणेश के नाराज होने से शहर और राज्य में भी समस्या आ सकती है। यह चलन रोकना ही चाहिए।

## बच्चों और उनके माता-पिता ने मिलकर बनाई गजानंद की जीवंत प्रतिमा, कलात्मक प्रतिभा से पर्यावरण बचाव का संदेश

**प्रियदर्शनी नगर स्थित मिनी मार्वल्स प्री-स्कूल ने रचनात्मकता और स्थिरता का उत्सव मनाया, जिसमें बच्चों और उनके माता-पिता ने मिलकर एक अद्भुत गणेश बनाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग कर गणेश के अद्वितीय मूर्तियों को जीवंत किया।**

**रायपुर।** प्रतियोगिता की एक बड़ी सफलता यह रही, जिसमें युवा कलाकारों और उनके परिवारों द्वारा जीवंत गणेशा की कई शानदार रचनाएं प्रस्तुत की गईं। पुनर्नवीनीकरण कागज,



प्राकृतिक मिट्टी, जैविक रंगों और बायोडिग्रेडेबल सजावट के साथ बनी मूर्तियों ने मिनी मार्वल्स के पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति समर्पण को उजागर किया। इस प्रतियोगिता के जज के रूप में प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका प्रशांत गुप्ता शामिल हुईं। मिनी मार्वल्स प्री-स्कूल की निदेशक अनुभूति श्रीवास्तव ने कहा, हमें हमारे छात्रों और उनके परिवारों की इतनी उत्साही भागीदारी देखकर बहुत खुशी हुई। गणेशा बनाने की प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का मौका दिया, बल्कि स्थिरता का महत्व भी उजागर किया। हम मानते हैं कि मजे और महत्वपूर्ण कारण को जोड़ना भविष्य की पीढ़ियों को पर्यावरणीय देखभाल के महत्व को सिखाने का एक प्रभावी तरीका है।

### बनाई पर्यावरण अनुकूल गणेशा की मूर्ति

उत्कृष्ट रचनाओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिसमें प्रत्येक कृति की मेहनत और कल्पना को मान्यता दी गई। विजेताओं का स्वागत तालियों और सराहना के साथ किया गया तथा उनकी पर्यावरण-अनुकूल गणेशा की मूर्तियों को सभी के लिए प्रदर्शित किया गया। मिनी मार्वल्स प्री-स्कूल प्रियंका प्रशांत गुप्ता को उनकी जज की भूमिका के लिए और उन सभी परिवारों को जिन्होंने भाग लिया और इस विशेष घटना की सफलता में योगदान दिया, उनका आभार व्यक्त किया गया। प्री-स्कूल आगामी आयोजनों के माध्यम से रचनात्मकता को प्रेरित करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि भविष्य की पीढ़ियां कला और पर्यावरण दोनों के प्रति गहरी समझ प्राप्त करें।



## ओजोन परत का क्षरण रोकने विशेषज्ञों ने दी उपकरणों की जानकारी

**रायपुर।** एफईआरसीसी की ओर से आईएमएस चैप्टर ने श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जेएल चौधरी प्राध्यापक, आईजीकेवी ने चैप्टर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जयंत दास सचिव, आईएमएस रायपुर चैप्टर ने ओजोन के महत्व पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। तत्पश्चात सामंती सरकार, कार्यालय प्रमुख, मौसम केंद्र रायपुर व आईएमएस रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष ने मौसम विभाग द्वारा ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए उपकरणों की जानकारी और किया जा रहे प्रयास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एमएल साहू, पूर्व अध्यक्ष आईएमएस रायपुर चैप्टर ने ओजोन परत, उसके क्षरण के कारण और निदान पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री रावतपुरा सरकार विवि के कुलपति व प्राध्यापक एसके सिंह ने ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए भारत में प्रचलित वैदिक विधि-विधान पर अपना विचार रखे। तत्पश्चात प्रो-चांसलर इं. हर्ष गौतम ने सरल और कहानी के माध्यम से ओजोन की स्थिति के बारे में बताया।

हिंदी दिवस पर शहर में स्कूल-कॉलेजों में हिंदी व्याख्यान

# 'मातृभाषा' में मां के मुख से निकले शब्दों जैसी मिठास इसलिए सृजनात्मकता की जननी भी है हिंदी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कला एवं मानविकी संकाय द्वारा शनिवार को आंजनेय विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया। इस विशेष अवसर पर प्रसिद्ध रेडियो उद्घोषक कमल शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी भाषा के महत्व और आकाशवाणी के माध्यम से हिंदी के विकास पर विस्तार से चर्चा की। श्री शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, जो मां के मुख से निकले शब्दों जैसी मिठास प्रदान करती है। यह भाषा पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। वहीं आकाशवाणी के योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार रेडियो ने हिंदी भाषा के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### हिंदी के प्रति सजग होने की आवश्यकता

शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी की दशा और दिशा पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय नवीन महाविद्यालय भाठागांव के प्राचार्य डॉ. राजेश दुबे ने कहा कि हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा बनकर भारत को एकजुट किया था। हिंदी के प्रति हमें सजग होने की आवश्यकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा, हिंदी पर हमें गर्व करना चाहिए एवं हिंदी को बढ़ावा देने के साथ ही शुद्ध रूप से पढ़ने-लिखने की आवश्यकता है। समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. मनीषा महापात्र ने हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि हिंदी का साहित्य समृद्ध है, हिंदी ने भारतीय साहित्य को पुष्ट किया है। इस कार्यक्रम में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा ने कहा कि हिंदी की वैश्विक रूप से समृद्धि हुई है तथा आज विभिन्न क्षत्रों में हिंदी का प्रयोग हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. कल्पना मिश्रा ने किया, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मंजू देवी कोचे ने किया। हिंदी विभाग से डॉ. किरण शर्मा और डॉ. दुरपत मिरी समेत बड़ी संख्या में स्नातक और स्नातकोत्तर की छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### हिंदी में कविताओं व ग़जलों का बताया महत्व

इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि राजेश जैन 'राही' ने भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने अनोखे अंदाज में विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि हिंदी मन की अभिव्यक्ति की संवेदनाओं का सागर है, जो पूरे देश के जनमानस को जोड़ने की क्षमता रखती है। उन्होंने अपनी कविताओं, गजलों, गीतों और दोहों के माध्यम से हिंदी भाषा की सरलता और समृद्धता को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बीसी जैन ने भी हिंदी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा संप्रेषण का सबसे सशक्त माध्यम है, जो सृजनात्मकता की जननी है। किसी भी भाषा की तरह, हिंदी ने भी हमारी संस्कृति और परंपरा को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बैंगलुरू में मध्यप्रदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़, रवि ने बनाए 57 रन



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा डॉ. (कैप्टन) के. थिम्माप्पिया मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 4 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (14-17 सितंबर) बैगलूरु, कर्नाटक में मध्यप्रदेश के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मध्यप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84 ओवरों में 4 विकेट खोकर 271 रन बनाए। मध्यप्रदेश की ओर से शुभम शर्मा ने 97 रन, कप्तान हरप्रीत सिंह ने 76 नाबाद तथा कनिष्क दुबे ने 63 रनों की पारी खेली तथा अपनी टीम को खराब शुरुवात से उबारा तथा टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुचांने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 19 ओवरों में 57 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। पहले दिन की समाप्ति तक मध्यप्रदेश ने 84 ओवरों में 4 विकेट खोकर 271 रन बना लिये हैं।

### वुमेंस टी-20 क्रिकेट के लिए खिलाड़ियों की सूची जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024-25 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। उक्त टीम 13 सिंतबर से अहमदाबाद में आयोजित अंडर-19 वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट में हिस्सा ले रही है।

टीम में अनम खान, रायपुर, अर्चिता मिस्त्री, नारायणपुर, भाविका साहू दुर्ग, चांद चेलक बिलासपुर, कल्पना पांडे दुर्ग, ख्याति साहू रायपुर, किरण वर्मा रायपुर, महक नरवासे राजनंदगांव, मानसी उपाध्याय चांपा, नूतन कौशिक रायपुर, राधिका नेताम बस्तर, सेजल वर्मा (विकेट कीपर) रायपुर, श्रेया श्रीवास बीसीए, सिलमनी कंडुलना कोरबा और तानिया बेरिया बिलासपुर शामिल है। प्रतियोगिता का फायनल मैच 17 सिंतबर को खेला जाएगा।

### सेक्टर स्तरीय टेबल टेनिस में पेलोटी और गर्ल्स कॉलेज बने चैंपियन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा रायपुर सेक्टर अन्तर महाविद्यालय टेबल टेनिस (म/पु) प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे स्कूल में किया गया। जिसमें 15 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेताओ को छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अमिताभ बैनर्जी एवं पूर्व इंटरनेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ विपिन शर्मा पूर्व संचालक, टूर्नामेंट ऑब्जर्वर डॉ सुमित तिवारी, डॉ रामानन्द यदु, डॉ प्रमोद मेने, अनिल महोबिया, डॉ कर्मीष्ट शंभरकर, डॉ रिंकु तिवारी, शिव पांडे, गोपाल उरकुरकर, मुकेश सिन्हा, तुलाराम मांडले, लक्ष्मी साहू, दिव्या ज्योति सहित बड़ी सँख्या में क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे। बॉयज वर्ग के फायनल में सेंट विंसेंट पेलोटी की बॉयज टीम ने शास जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महा रायपुर को 3-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने मैक कॉलेज को एवं पेलोटी कॉलेज ने विज्ञान महा रायपुर को हराया। प्रथम सिंगल्स मैच में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के आयुष शर्मा ने पेलोटी के रामजी कुमार को 2-0 से हराकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई, दूसरे सिंगल्स में पेलोटी के लोकेश जांगड़े ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के गजेंद्र चौहान को 2-0 से हराकर स्कोर 1-1 से बराबर किया। तीसरे सिंगल्स में एबिस ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के अमित को 2-0 से हराकर 2-1 की बढ़त पेलोटी कॉलेज के पक्ष में की। रिवर्स सिंगल्स में पेलोटी के लोकेश ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के आयुष को 2-0 से हराकर अपनी टीम को विजेता का खिताब दिलाया।

बालिका वर्ग फायनल में शास दू ब महिला महा रायपुर ने पेलोटी कॉलेज रायपुर को 3-0 से हराकर विजेता बनी। इससे पूर्व दू ब महा ने यूटीडी रायपुर को 3-0 से, एवं पेलोटी महा ने सेठ फूलचंद नवापारा को 3-0 से हराकर फायनल में प्रवेश किया।

इस अवसर पर रायपुर सेक्टर की टीम चयन किया गया। जिसमे बॉयज टीम में रामजी कुमार, लोकेश जांगड़े (पेलोटी कॉलेज), आयुष शर्मा, गजेंद्र चौहान (छत्तीसगढ़ कॉलेज) एवं मुश्तबा रज़ा प्रगति कॉलेज शामिल है। गर्ल्स टीम में जाह्न्वी महावर शास महाविद्यालय धमतरी,जया साहू,शास दू ब महिला महा,रायपुर,किरण यूटीडी, आस्था यूटीडी है।

किडनी ठीक तरीके से काम करना बंद कर दे तो संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है इसका असर

# कहीं आप खुद से ही तो नहीं पहुंचा रहे किडनी को नुकसान? ऐसी आदतें हैं तो तुरंत हो जाइए सावधान

किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। खून को साफ करने, शरीर से अपशिष्टों को बाहर निकालने से लेकर रसायनों को संतुलित करने में इस अंग की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। अगर इस अंग में कोई भी समस्या हो जाए या किडनी ठीक तरीके से काम करना बंद कर दे तो इसका असर संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है। लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने किडनी की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम में से ज्यादातर लोग रोजाना जाने-अनजाने कई ऐसे काम करते रहते हैं जिससे इस महत्वपूर्ण अंग के गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। किडनी की क्षति के शुरुआती चरणों में आमतौर पर कोई भी लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे समस्या बढ़ती जाती है और किडनी सही तरीके से काम नहीं कर पाती है, लोगों को कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। किडनी का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। आइए उन आदतों के बारे में जानते हैं जो किडनी की सेहत के लिए खतरनाक हैं और इनमें तुरंत सुधार करने की जरूरत है।



### पानी की कमी से खतरा

किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना। सभी लोगों को प्रतिदिन 8-10 गिलास पानी पीने की आदत बनाने की सलाह दी जाती है। अगर आप कम पानी पीते हैं तो ये आदत किडनी के लिए सबसे नुकसानदायक है। जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते हैं, तो किडनी को रक्त से विषाक्त पदार्थों को ठीक से छानने में कठिनाई होती है। विषाक्त पदार्थ किडनी में ही जमा होने लगते हैं इससे किडनी की कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है। किडनी स्टोन के लिए भी यही प्रमुख कारण है।

### किडनी को कैसे रखें स्वस्थ?

किडनी की स्वस्थ बनाए रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना सबसे जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, संतुलित आहार का सेवन, नियमित व्यायाम करना और हानिकारक आदतों से बचना किडनी की लंबी उम्र और स्वस्थ कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी कई आदतें ऐसी हैं जिन्हें अधिकतर लोग तो बहुत सामान्य मानते हैं पर असल में इससे किडनी को गंभीर नुकसान होता है।

### धूम्रपान बहुत हानिकारक


धूम्रपान और शराब की आदत भी किडनी के लिए खतरनाक है। धूम्रपान की आदत रक्त वाहिनियों को संकुचित कर देती है, जिससे किडनी तक रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता में कमी आ सकती है और कैंसर तक का खतरा हो सकता है। धूम्रपान छोड़ना किडनी और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

### कहीं आप भी तो नहीं खाते हैं ज्यादा नमक?

अधिक नमक खाने को ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ाने वाला माना जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि इससे किडनी को भी गंभीर क्षति होती है। नमक में मौजूद सोडियम की मात्रा किडनी पर दबाव डालती है और रक्तचाप को बढ़ा देती है। उच्च रक्तचाप किडनी की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए नमक का सेवन कम से कम करें और प्रोसेस्ड फूड्स भी कम खाएं।

### ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की दिक्कत

यदि ब्लड प्रेशर और डायबिटीज कंट्रोल में नहीं रहता है तो इससे भी किडनी को क्षति पहुंचने का जोखिम रहता है। हाई ब्लड प्रेशर रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इससे किडनी फेलियर का खतरा भी बढ़ जाता है। डायबिटीज रोगियों में किडनी की बीमारियों का खतरा और भी अधिक होता है। बचाव के लिए नियमित रूप से रक्तचाप और शुगर की जांच करवाएं और डॉक्टर के निर्देशानुसार दवाइयों का सेवन करें।



## बेडरूम और किचन में वास्तु की गलतियां बना देंगी कंगाल, घर में बढ़ेगा क्लेश

हर व्यक्ति के अंदर अच्छी और बुरी आदतें होती हैं लेकिन कई बार ऐसा होता है कि जानें अनजाने में हमें वो आदतें हमें नुकसान पहुँचती है। अनजाने में हम गलतियां तो करते हैं लेकिन वास्तु के अनुसार ये गलतियां हमें आर्थिक रूप से कमजोर बना देती हैं। इतना ही नहीं इन गलतियों की वजह से घर में कलह भी बनी रहती है। वास्तु शास्त्र में इन छोटी-छोटी बातों का विशेष महत्व बताया गया है। वास्तु शास्त्र में कई ऐसी आदतें बताई गई हैं जिन्हें भूलकर भी नहीं दोहराना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार बेडरूम और किचन दोनों ही घर के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। ऐसे में किचन और बेडरूम से जुड़ी गलतियां आपको कंगाल बना सकती है।

## गणेश विसर्जन के समय इन बातों का रखें ध्यान, प्रसन्न होंगे बप्पा

गणेशोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी पर होता है। पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस साल अनंत चतुर्दशी 17 सितंबर को है। इस दिन गणपति बप्पा की मूर्ति को विसर्जित किया जाता है। इस दौरान भक्तजन बप्पा से अगले साल फिर से आने की कामना करते हुए, विधि विधान से पूजा करते हैं। इस दौरान कुछ खास बातों का ध्यान रखा जाता है, जिससे विसर्जन विधि के सफल होने की संभावना बढ़ जाती हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

### गणेश विसर्जन शुभ मुहूर्त

17 सितंबर 2024 को गणपति विसर्जन के लिए मुहूर्त सुबह 09:10 से दोपहर 01:46 तक रहेगा। इस दौरान अपराह्न मुहूर्त दोपहर 03:18 से शाम 04:50 बजे तक है। इसके अलावा सायाह्न मुहूर्त रात 07:51 बजे से रात 09:19 बजे तक रहने वाला है।



## नक्षत्र प्रभावित करते हैं हमारे दैनिक जीवन को

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में ग्रह-नक्षत्रों की चाल का विशेष महत्व होता है। ग्रह-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर जरूर पड़ता है। ग्रहों की चाल से जहां व्यक्ति के जीवन पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता तो वहीं नक्षत्रों की गणना से व्यक्ति के स्वभाव और जीवनशैली पर असर होता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में कुल 27 नक्षत्रों का विवरण है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इन 27 नक्षत्रों को दक्ष प्रजापति की पुत्रियां माना गया है। वैदिक ज्योतिष में ज्योतिषीय गणना के लिए कुल 12 राशियां होती हैं और आकाश को 27 नक्षत्रों में बांटा गया है। कुल 9 ग्रहों को इन 27 नक्षत्रों में बांटा गया है और हर एक ग्रह 3 नक्षत्रों के स्वामी होते हैं। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आकाश में तारा समूह को नक्षत्र कहा जाता है। नक्षत्रों की गणना के आधार पर ही ज्योतिषीय गणनाएं की जाती हैं और ये नक्षत्र चंद्रमा का पथ से जुडे हुए होते हैं। चंद्रमा लगभग 27 दिनों में पृथ्वी की पूरी परिक्रमा करता है। ऐसे में एक माह में चंद्रमा जिस भी मुख्य सितारों के समूहों के बीच भ्रमण करते हैं। चंद्रमा के द्वारा एक परिक्रमा करने में 27 अलग-अलग तारा समूह का निर्माण करते हैं। जिस प्रकार से सूर्य मेष से लेकर मीन राशि तक हर महीने भ्रमण करते हैं उसी प्रकार चंद्रमा सभी 27 नक्षत्रों में विचरण करते हैं। इस काल को ही नक्षत्रमास कहा जाता है। इस प्रकार 27 दिनों का एक नक्षत्र मास होता है।

**अश्विन नक्षत्रः** वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अश्विन नक्षत्र सभी 27 नक्षत्रों में पहला नक्षत्र होता है। यह नक्षत्र ज्योतिष शास्त्र में सबसे पहला और अहम माना जाता है। अगर आप अश्विन नक्षत्र वाले हैं तो आप बहुत ऊर्जावान और सक्रिय होंगे। अश्विन नक्षत्र वाले व्यक्ति बेहद महात्वाकांक्षी और बेचैन प्रकृति के होते हैं। हर काम जल्दबाजी में करना चाहते हैं और उसका नतीजा भी जल्दी से जल्दी चाहते हैं। कुछ रहस्यमय प्रकृति के होते हैं पहले काम कर लेते हैं, बाद में उसके बारे में सोचते हैं। इसलिए कई बार उन्हें कामकाज में नाकामयाबी भी मिलती है, लेकिन लगातार कोशिश करते रहने की वजह से ऐसे लोग आगे भी तेजी से बढ़ते हैं। दांपत्य जीवन अच्छा होता है और परिवार में समृद्धि रहती है।

**भरणी नक्षत्रः** यह सभी 27 नक्षत्रों में दूसरा नक्षत्र होता है। इस नक्षत्र के स्वामी शुक्र ग्रह होते हैं। अगर आप भरणी नक्षत्र वाले हैं तो आराम पसंद और आलीशान जीवन जीने का सपना देखने वाले होंगे। इस नक्षत्र के लोग काफी आकर्षक, सुंदर, व्यवहारकुशल और मृदुभाषी होते हैं और इनका मिलनसार स्वभाव लोगों को आकर्षित करता है। धुन के पक्के होते हैं और जो ठान लेते हैं उसे हासिल करके दम लेते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान को अपना मूल मंत्र मानने वाले ये लोग प्रेम और सद्भाव के साथ काम करना पसंद करते हैं।

**कृत्तिका नक्षत्रः** इस नक्षत्र के लोगों पर सूर्य का प्रभाव होता है और इनमें आत्मसम्मान का भाव बहुत ज्यादा होता है। इन्हें जल्दी किसी पर भरोसा नहीं होता और इनका स्वभाव तुनकमिजाज होता है। इनमें ऊर्जा खूब होती है और कोई भी काम बहुत लगन और मेहनत से करते हैं।